# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## रायपुर सहित देशभर में जन्माष्टमी की धूम

कृष्ण मंदिरों में उमड़े भक्त







सीएम हाउस में साय ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई जन्माष्टमी

मथुरा जन्मभूमि मंदिर में कारागार जैसी सजावट

द्वारका में रात 2.30 बजे हुए द्वारकाधीश के दर्शन

**नई दिल्ली/रायपुर।** देश में सोमवार को बड़े ही धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। मथुरा में सुबह विशेष आरती की गई। अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई समेत देशभर के कृष्ण मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। राजधानी रायपुर के मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। कृष्ण मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया।

■ द्वारका के इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण को एक लाख व्यंजनों का भोग






## राजधानी को भिलाई व दुर्ग से जोड़ने वाले कुम्हारी नाका

*राजधानी को भिलाई व दुर्ग से जोड़ने वाले कुम्हारी नाका में वसूले जा रहे टोल टैक्स का मसला अब तूल पकड़ रहा है। आम लोगों को कार से गुजरते समय टैक्स भुगतान से 2015 के बाद भी राहत नहीं मिल सकी है, जबकि इस नाके की लागत कब की निकल चुकी है। तुर्रा यह है कि लोकल वाहनों को मिली छूट भी नई ठेका एजेंसी ने खत्म कर दी है। आम पब्लिक इसे अवैध नाका और अवैध वसूली बता रहे हैं।*

### बेबाकी से बोले पूर्व व वर्तमान सांसद

# फोरलेन की लागत निकल चुकी फ्री होना चाहिए कुम्हारी नाका





■ पूर्व सांसद व राज्यपाल बोले-मसला तूल पकड़ रहा इसलिए इसमें निर्णय लेना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सांसद, पूर्व सांसद भी चाहते हैं कि मसले का तत्काल हल निकलना चाहिए। वे इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री से भी बात करने वाले हैं। कुम्हारी टोल नाका में फोरलेन की लागत वसूल होने के बाद भी मेंटेनेंस के नाम पर टोल टैक्स वसूली को लेकर अब आम लोग ही नहीं, बल्कि पूर्व सांसद भी मुखर होने लगे हैं। हरिभूमि ने इस मामले को लेकर जब रायपुर-दुर्ग के पूर्व एवं वर्तमान सांसद से बात की, ▶▶|शेष पेज 4 पर

### केंद्र सरकार कर रही प्रयास

पूर्व रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा कि टोल नाका का पेंच सुलझाने केन्द्र सरकार भी प्रयास कर रही है। कुम्हारी के टोल नाका की निर्माण लागत के बारे में कुछ कह पाना संभव नहीं है। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों से बात करके वस्तुस्थिति की जानकारी लूंगा। अगर निर्माण का खर्च निकल गया, तो लोगों से टैक्स लेने की प्रक्रिया स्वतः बंद होगी, बात भी करूंगा।

### मसला सुलझाने करूंगा बात

इस मामले को लेकर पूर्व राज्यपाल एवं रायपुर के कई दफा सांसद रह चुके रमेश बैस से जब बात की गई, तो उन्होंने कहा कि अगर सड़क निर्माण की लागत निकल गई है, तो टोल फ्री होना चाहिए। इसमें अभी वर्तमान स्थिति जानने के लिए अधिकारियों से बात भी करूंगा। इसके बाद ही इस मसले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा, क्योंकि यह मसला बहुत तेजी से तूल पकड़ रहा है।

### अवैध है वसूली, शिकायत कर चुके हैं

कुम्हारी टोल प्लाजा की मियाद समाप्त होने के बाद भी अवैध वसूली हो रही है। पीडब्लूडी और एनएच की मिलीभगत से यह किया जा रहा है। इसे लेकर विभाग और कलेक्टर से भी शिकायत कर चुका हूं। इसके अलावा आरटीआई में भी वर्क आर्डर की कापी मांगी गई थी। अब तक नहीं मिल पाई है।

- अरुण सिसोदिया, सदस्य एआईसीसी, कांग्रेस कमेटी

### जम्मू-कश्मीर भाजपा दफ्तर में टिकट पर घमासान, नारेबाजी, हंगामा

**सियासत**

# कश्मीर में चुनाव से पहले कलह, पांच घंटे में आईं भाजपा की तीन सूचियां

*पहले 44 नाम फिर सूची रद्द, दूसरी बार 15, तीसरी बार एक नाम का ऐलान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/जम्मू

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए सोमवार को 16 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पहले चरण में दक्षिण कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्रों और जम्मू क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में 18 सितंबर को मतदान होगा। पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में 15 उम्मीदवारों के नाम हैं जबकि इसके कुछ ही देर बाद जारी दूसरी सूची में सिर्फ एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा की गई। इससे पहले, पार्टी की ओर से तीनों चरणों के लिए कुल 44 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई थी, जिसमें दूसरे चरण के लिए 10 और तीसरे चरण के लिए 19 उम्मीदवारों के नाम थे। हालांकि, बाद में दूसरे और तीसरे चरण के लिए जारी उम्मीदवारों की सूची वापस ले ली गई और फिर सिर्फ ▶▶|शेष पेज 4 पर

## आंतरिक कलह सामने आई, पहली सूची आते ही रद्द कर दी गई

*कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में कलह सामने आई। दरअसल, ये असंतोष की कहानी सोमवार को सुबह करीब 10 बजे तब शुरू हुई जब भाजपा ने पहले 44 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें सभी तीन चरणों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया था। करीब दो घंटे बाद ही भाजपा ने सूची वापस ले ली। एक घंटे बाद ही भाजपा ने फिर से संशोधित सूची जारी की, जिसमें केवल पहले चरण के 15 नाम पर मुहर लगाई। इसके बाद भाजपा ने एक दूसरी लिस्ट जारी की जिसमें केवल एक उम्मीदवार का ऐलान किया गया।*

### अनदेखी का आरोप कार्यालय में प्रदर्शन

नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जगदीश भगत ने कहा, मैं पिछले 18 साल से पार्टी से जुड़ा हुआ हूं। टिकट एक ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो कुछ ही दिन पहले पार्टी में शामिल हुआ है।



**रैना बोले- पार्टी एक परिवार की तरह:** जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रैना ने हालांकि कहा कि पार्टी एक परिवार की तरह है, इससे फर्क नहीं पड़ता कि किसे टिकट मिलता है।

### तीन चरणों में चुनाव

इधर, जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। पूर्ववर्ती प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए, चुनाव के पहले चरण के तहत 18 सितंबर, दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर और तीसरे व आखिरी चरण के तहत एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतों की गिनती चार अक्टूबर को होगी।

### कश्मीर में मोदी- शाह संभालेंगे कमान



चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनावों के तारीखों की घोषणा कर दी है। इसके बाद अब सभी पार्टियों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इस बीच भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस लिस्ट के मुताबिक कश्मीर में पीएम मोदी खुद प्रचार की कमान संभालते नजर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### दो तस्कर गिरफ्तार, पांच करोड़ की ड्रग्स जब्त

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के जैदपुर क्षेत्र में रविवार को दो तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से पांच करोड़ रुपए से ज्यादा मूल्य की मारफीन बरामद की गई। सूचना मिलने पर जैदपुर पुलिस ने जहीरूद्दीन मोड़ पर रामू वर्मा और चन्द्रभान सिंह नामक तस्करों को पकड़ा गया।



### लद्दाख में होंगे पांच नए जिले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लद्दाख में पांच नए जिले बनाने की घोषणा की। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि एक विकसित और समृद्ध लद्दाख बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है।



### डबरी में डूबने से दो मासूमों की मौत

**जगदलपुर।** भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलावण्ड में रविवार दोपहर परिवार के साथ पानी भरने हेंडपंप गए दो परिवार के दो मासूमों की गांव के ही किसान की डबरी में डूबने से मौत हो गई। रात लगभग 11 बजे दोनों के शव को डबरी से निकाला गया।



*विदेश में बैठे ऑपरेटर्स को भारत लाने का भी दावा*

# महादेव सट्टा सीबीआई को सौंपा थानों में दर्ज हैं 70 मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। इस संदर्भ में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने दावा किया है, जल्द ही विदेश में बैठे आरोपियों को भी भारत लाया जाएगा। डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि महादेव एप के 70 मामले हैं। सारे ▶▶|शेष पेज 4 पर

### जांच के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने दी सहमति



महादेव सट्टा ऐप पर सरकार का बड़ा कदम, सीबीआई को सौंपी जाएगी जांच

### 1 हजार करोड़ का निवेश

ईडी ओर ईओडब्ल्यू के अलावा महादेव ऐप की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड भी जांच कर रहा है। ईडी की चार्ज सीट में खुलासा हुआ है कि महादेव बेटिंग एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी ने सट्टेबाजी की काली कमाई को सफेद करने शेयर मार्केट में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है। इसकी जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास है।

## काफिला विवाद गरमाया थाने के सामने हंगामा



■ पूर्व सीएम बघेल का काफिला रोकने वालों की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का काफिला रोकने वाले हिंदू संगठन से जुड़े दो लोगों को चरोदा नगर निगम के सभापति कृष्ण चंद्राकर तथा पार्षदों ने जिम से पकड़ा और पिटाई करते हुए पुरानी भिलाई थाना लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े ▶▶|शेष पेज 4 पर

## घर की दीवार गिरी, दादी और दो पोतियों की मौत

**अंबिकापुर।** सिलफिली के फतेहपुर गांव में घर की दीवार गिरने से दो मासूम बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए देर शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया है जबकि परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस द्वारा ▶▶|शेष पेज 4 पर

**फतेहपुर करतमा में हादसा**



### पीड़ा से तड़प रही गर्भवती को खाट से लाया गया स्वास्थ्य केंद्र

# उफनती नदी को पार कर गर्भवती महिला को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

आज भी बस्तर में ऐसे कई इलाके हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलती। बीजापुर जिले की ग्राम कामानार निवासी गर्भवती महिला रैनी मंडावी दर्द से तड़प रही थी। गांव के बाहर वेरू नदी उफान पर होने से परिजनों ने महिला को स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने के लिए जिम्मेदारों ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कामानार तक जाने के लिए सड़क व पुल नहीं**



### सातों जिलों में काम्बेट दल

संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि महामारी की रोकथाम के लिए जिला, विकासखंड, सेक्टर स्तर पर सातों जिलों में काम्बेट दल का गठन किया गया है। प्रत्येक विकासखंड में संवेदनशील समस्यामूलक ग्रामों को चिन्हित किया गया है। प्रत्येक स्तर पर जीवन रक्षक औषधि के भंडारण के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मितानिनों के पास संक्रामक ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 791 ग्राम पहुंचविहीन

बताया जा रहा है कि बस्तर संभाग के बस्तर जिले में 51, कोंडागांव जिले में 14, नारायणपुर जिले में 212, कांकेर जिले में 161, दंतेवाड़ा जिले में 31, बीजापुर जिले में 179 एवं सुकमा जिले में 143 पहुंचविहीन गांव चिन्हित हैं। ऐसे गांवों में प्रत्येक वर्ष बारिश के समय में सड़क नहीं होने से पहुंचना मुश्किल होता है। इसमें से लगभग 453 गांव समस्यामूलक बताए जा रहे हैं, जिसमें 13429 मितानिनों का सहयोग लिया जाता है।





ईनाम राशि
7,51,000
हाथी-घोड़ा पालकी,
जय कन्हैया लाल की
आला रे आला...
गोविंदा आला...
विशाल
दहीहांडी
उत्सव
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
विश्व विख्यात शिव भजन गायक
बाबा हंसराज रघुवंशी जी
दिनांक : 27 अगस्त 2024 | दिन : मंगलवार, समय : शाम 04:00 बजे से
स्थान : दही हांडी उत्सव स्थल, अवधपुरी मैदान, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)
-: विशेष आकर्षण :-
ग्रीसयुक्त खंबा व दही हांडी, विश्वविख्यात शिव भजन गायक
बाबा हंसराज रघुवंशी
रंगारंग प्रस्तुति छ.ग. की सुप्रसिद्ध लोक गायिका
गरिमा-स्वर्णा दिवाकर द्वारा
सभी सनातनियों एवं कृष्ण भक्तों के बीच
वृहद आयोजन सम्पन्न होगा।
चंदन अग्रवाल
युवा समाजसेवी
संयोजक
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी
आयोजक
सार्वजनिक दही-हांडी उत्सव समिति, रायपुर
सह संयोजक-हेमेन्द्र साहू
विशेष सहयोग हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी, रायपुर

रायपुर
मंगलवार, 27 अगस्त 2024
भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी/नवमी
वर्ष : 23, अंक : 40
पृष्ठ : 12+4 +4+8 = 28, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.5
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 'प्यार एक बलिदान है...'
विचार पेज 02 लड़की किसे चाहिए?






## सरेंडर करने वाले नक्सली इतने वफादार कि सात दिनों में थमा सकते हैं गन

रायपुर। देश के गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नवा रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक के बाद राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा का एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि सरेंडर



करने वाले नक्सली इतने ईमानदारी हैं कि सरेंडर करने के सात दिनों बाद उन्हें गन पकड़ाकर गनमैन बनाया जा सकता है। श्री शर्मा ने सोमवार को यह बात रायपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए कही है। उनके इस बयान को इस लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि पिछले दिनों राज्य में नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी और सीएस की बैठक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई है। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के लिए रणनीति बनाई गई है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के समर्पण की नई नीति भी बनाई जा रही है।

विजय शर्मा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### भैरमगढ़ इलाके में जनअदालत, ग्रामीणों के सामने दी मौत की सजा

# सात दिनों में तीसरी जनअदालत, एक और युवक को नक्सलियों ने मार डाला

*बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। युवक पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने जनअदालत में उसे मौत की सजा सुनाई। घटना रविवार को भैरमगढ़ के जैगूर के जंगल में हुई, जहां नक्सलियों ने एक जनअदालत का आयोजन किया था। यहां ग्रामीणों के बीच युवक को सजा सुनाकर बंधक बना लिया गया। सोमवार सुबह युवक का शव गांव के पास पाया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर/बीजापुर

नक्सलियों ने एक बार फिर बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में जनअदालत लगाकर एक ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया है। ग्रामीण पर पिछले तीन वर्ष से पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के सामने मौत के घाट उतार दिया गया। नक्सलियों ने सप्ताह भर के अंदर यह तीसरी हत्या की है जिसमें दो ग्रामीणों के अलावा एक महिला नक्सली को पुलिस का मुखबिर बताते हुए जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई।

नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने हत्या के बाद शव को गांव में ही फेंक दिया और शव ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जैगुर निवासी सीतु मंडावी पर वर्ष 2021 से पुलिस के लिए मुखबिर करने का लगाया आरोप

#### सप्ताह भर में जनअदालत लगाकर तीसरी हत्या

नक्सलियों द्वारा पुलिस इनफार्मर बताते हुए सप्ताहभर के अंदर जनअदालत लगाकर तीसरी हत्या कर दी गई। इससे पूर्व पुलिस इनफार्मर बताते हुए अपने ही महिला साथी की नक्सलियों ने गद्दार करार देते हुए जनता के सामने जनअदालत लगाकर हत्या कर दी ▸▸ शेष पेज 4 पर



युवक की हत्या के बाद नक्सलियों ने जारी किया है पर्चा

#### अब तक 18 ग्रामीणों की मुखबिरी के संदेह में हत्या

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल से मात खा रहे नक्सली अब अपना अस्तित्व बचाने के लिए टारगेट किलिंग पर उतर आए हैं। इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक नक्सलियों ने 18 ग्रामीणों की मुखबिरी के संदेह में हत्या की है। यहां तक कि छात्र को भी नहीं छोड़ा। दो साथी नक्सली को भी जन अदालत में मृत्युदंड की सजा दी है।

## इधर, 29 लाख के ईनामी सहित 25 माओवादियों का आत्मसमर्पण



बीजापुर। शासन की पुनर्वास, आत्मसमर्पण नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया एवं गंगालूर एरिया कमेटी के पार्टी सदस्य, एलओएस सदस्य, सीएनएम अध्यक्ष सहित 25 माओवादियों ने सोमवार को उप पुलिस ▸▸ शेष पेज 4 पर

- भैरमगढ़ और गंगालूर एरिया में सक्रिय थे

#### हिंसक घटनाओं में शामिल थे

आत्मसमर्पित माओवादी मार्ग पर जगह-जगह गड्ढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करते थे। इसके अलावा पोलिंग बूथ पर फायरिंग करने, आईईडी विस्फोट करने, जन अदालत लगाकर ग्रामीण की हत्या करने, शासन विरोधी ▸▸ शेष पेज 4 पर

## पॉलीग्राफ टेस्टः कोलकाता के गुनहगार ने कबूला जुर्म!




### कोलकाता रेप-मर्डर केस में कई चौंकाने वाले खुलासे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली/कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। दरिंदगी



के इस मामले के आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में बताया कि वारदात की रात उसने क्या-क्या किया? एक रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान कथित तौर पर अपराध को कबूल किया है। सीबीआई को लाई डिटेक्टर टेस्ट के दौरान संजय रॉय ने जो बताया वो काफी चौंकाने वाला है। आरोपी संजय रॉय ने बताया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी से पहले उसने एक ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### पूर्व प्राचार्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट

सीबीआई के अधिकारियों ने पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू किया। पिछले 10 दिनों में घोष से हुई पूछताछ के दौरान उनके बयानों में तारतम्य नहीं दिखा, जिसके कारण अधिकारियों को पॉलीग्राफ टेस्ट का एक और दौर आयोजित करना पड़ा। सीबीआई ने शनिवार को घोष और पांच अन्य पर झूठ पकड़ने वाले परीक्षण किए थे।





खुशियों के 100 दिन | अपनी खरीदारी पर 100% कैशबैक जीतने का मौका पाएं

कम डाउन पेमेंट ₹5000^ | कम ब्याज दर 9.49%^ | ऑन-रोड कीमत ₹88799## | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ##On-road price includes ex-showroom price, insurance and registration charges. ~Ex-showroom price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *T&C apply. Offer valid from 26th Jun to 3rd Oct. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983

## चिंतन

# भारत और अमेरिका के रिश्ते हुए और मजबूत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिकी यात्रा कूटनीतिक लिहाज से अहम है। भारत और अमेरिका के रिश्ते आर्थिक, रणनीतिक व सामरिक सभी मोर्चे पर मजबूत हैं। जुलाई में पीएम नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा के बाद से अमेरिका की तरफ से कई बयान आए, जिसमें भारत के लिए नसीहतें थीं। राजनाथ अमेरिका तब गए हैं, जब पीएम मोदी ने यूक्रेन व पोलैंड की यात्रा की है। रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा पीएम ने संतुलन साधने के लिए की तो राजनाथ को अमेरिका इसलिए भेजा गया कि अमेरिका की ओर से भारत को ध्यान में रख कर दिए जा रहे नसीहती बयानों पर विराम लगे। रक्षा मंत्री के अमेरिका जाने के बाद अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन से बयान आया कि इंडो-यूएस मिलकर ग्लोबल मंत्रों पर काम करेंगे। भारत कूटनीतिक रूप से अमेरिका को साधना चाहता है, ताकि चीन के खिलाफ ग्लोबल पावर हाउस बना रहे। राजनाथ सिंह ने अमेरिका में पनडुब्बियों और अन्य नौसैनिक हथियारों के परीक्षण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत इकाइयों में से एक का दौरा किया। यह दौरा ऐसे समय में हुआ, जब भारत में स्वदेशी रूप से विकसित इसी तरह की सुविधा की स्थापना का प्रस्ताव है। इंडो-यूएस एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दृष्टिकोण साझा करते हैं और अपने रक्षा औद्योगिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था आपूर्ति (एसओएसए) समझौता किया। इसके तहत दोनों देश राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए पारस्परिक प्राथमिकता आधारित समर्थन प्रदान करने पर सहमत हो गए हैं। यह अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल (डीटीटीआई) को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगा। यूएस ने 5.28 करोड़ डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 'एंटी सबमरीन वारफेयर सोनोबॉयज़' और संबंधित उपकरण की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता तथा नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को बनाए रखने सहित साझा मूल्यों पर आधारित है। व्यापार, निवेश एवं कनेक्टिविटी के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता तथा आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में दोनों देशों के साझा हित हैं। भारत और यूएसए संयुक्त राष्ट्र, जी-20, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान), क्षेत्रीय मंच, क्वाड, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन सहित बहुपक्षीय संगठनों में निकटता से सहयोग करते हैं। भारत, हिंद-प्रशांत आर्थिक संरचना (आईपीईएफ) पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी करने वाले बारह देशों में से एक है। भारत हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) का सदस्य है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका एक संवाद भागीदार है। भारत ने अब अमेरिका के साथ सभी चार मूलभूत समझौतों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। वर्ष 2016 में लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (तेमोआ), वर्ष 2018 में संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (कॉमकासा), वर्ष 2020 में भू-स्थानिक सहयोग हेतु बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता (बेका) जबकि सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा पर बहुत समय पहले हस्ताक्षर किये गए थे, इसके विस्तार औद्योगिक सुरक्षा अनुबंध पर वर्ष 2019 में हस्ताक्षर किये गए थे। दोनों देश कई क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं। इसलिए राजनाथ का अमेरिका दौरा रणनीतिक लिहाज से अहम है।

# लड़की किसे चाहिए ?



करवट
कुमार प्रशांत

पूरा कोलकाता पहले गुस्से से लाल हुआ, फिर जल-भुन कर राख हुआ! अस्पताल में ही नहीं, वह राख कोलकाता शहर में भी सब दूर फैली। जुलूस-धरना-प्रदर्शन चला तो लगातार चलता ही रहा। उसे भाजपा समेत विपक्षी दलों ने उकसाया-भड़काया जरूर लेकिन वह जल्दी ही कोलकाता के भद्रजनों के आक्रोश में बदल गया। ऐसा जब भी होता है, बंगाल से ज्यादा खतरनाक भद्रजन आपको खोजे नहीं मिलेंगे। ममता बनर्जी यह अच्छी तरह जानती हैं क्योंकि इसी भद्रजन के आक्रोश ने, उन्हें मार्क्सवादी साम्यवादियों का पुराना गढ़ तोड़ने में ऐसी मदद की थी कि वे तब से अब तक लगातार सत्ता में बनी हुई हैं। लेकिन सत्ता ऐसा नशा है एक जो जानते हुए भी आपको सच्चाई से अनजान बना देता है। ममता भी जल्दी ही बंगाल के भद्रजनों की इस ताकत से अनजान बनती गईं।

किसी भी अन्य मुख्यमंत्री की तरह सत्ता के तेवर तथा सत्ता की हनक से उन्होंने बलात्कार व घिनौनी क्रूरता के साथ लड़की रेजिडेंट डॉक्टर की हत्या के मामले को निबटाना चाहा। लेकिन उस मृत डॉक्टर की अतृप्त आत्मा जैसे उत्प्रेरक बन कर काम करने लगी। जैसे हर प्रदर्शन-जुलूस-नारे-पोस्टर के आगे-आगे वह डॉक्टर खुद चल रही थी। ऐसी अमानवीय वारदातों को दबाने-छिपाने-खारिज करने की हर कोशिश को विफल होना ही था। वह हुई और कोलकाता का आर.जी. कर अस्पताल, ममता की राजनीतिक साख व संवेदनशील छवि के लिए वाटर-लू साबित हुआ। अब ममता भी हैं, उनकी सत्ता भी है लेकिन सब कुछ कंकाल मात्र है।

यह आग कोलकाता से निकल कर देश भर में फैल गई। मामला डॉक्टरों का था जो वैसे भी कई कारणों से सारे देश में हैरान-परेशान हैं। सो देश भर की सूखी लकड़ियों में आग पकड़ गई। आंच सुप्रीमकोर्ट तक पहुंच गई। नागरिक अधिकारों, संवैधानिक व्यवस्था, प्रेस की आजादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से ले कर सत्ता के मर्यादाविहीन आचरण तक के सभी मामलों में देश में जैसी आग लगी हुई है, उसकी कोई लपट जिस तक नहीं पहुंचती है, उस अदालत को यह लपट अपने-आप कैसे दिखाई दे गई, कहना कठिन है। मणिपुर की लड़कियों को जो नसीब नहीं हुआ, कोलकाता की उस डॉक्टरनी को वह नसीब हुआ- भले आन व जान देने के बाद! सुप्रीम कोर्ट ने आनन-फ़ानन में अपनी अदालत बिठा दी और कड़े शब्दों में अपनी व्यवस्था भी दे दी, एक निगरानी समिति भी बना दी जिसकी निगरानी वह स्वयं करेगी। मैं हैरान हूं कि हमारी न्यायपालिका, जो इसकी निगरानी भी नहीं कर पाती है कि उसके फैसलों का सरकारें कहां-कब व कितना पालन करती हैं, वह डॉक्टरों पर हिंसा की जांच भी करेगी व उसकी निगरानी भी रखेगी, यह कैसे होगा ! लेकिन अदालत कब सवाल सुनती है ! अगर वह सुनती तो उसे सुनायी दिया होता कि सत्ता की शह से जब समाज में व्यापक कानूनहीनता का माहौल बनाया जाता है, तब राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक-नैतिक-आर्थिक एनार्की का बोलबाला बनता है। कानूनविहीनता का आलम देश में बने तो यह सीधा न्यायपालिका का मामला है, क्योंकि संविधान के जरिये देश ने यही जिम्मेवारी तो उसे सौंपी है। न्यायपालिका के होने का यही, और एकमात्र यही औचित्य है। 2014 से अब तक अदालतों को यह दिखाई नहीं दिया तो अंधेरा और किसे कहते हैं ? बताते हैं कि कोलकाता के अस्पताल में जब वह अनाचार हुआ तो वहां भी अंधेरा था।



कोलकाता की घटना के बाद यौनाचार व यौनिक हिंसा की कितनी ही वारदातों की खबरें देश भर से आने लगीं। लगा जैसे कोई बांध टूटा है ! पता नहीं, ऐसा कहना भी कितना सही है। जब घर-घर में ऐसी वारदातें हो रही हों, जब सब तरफ हिंसक उन्माद खड़ा किया जा रहा हो तब कोई कैसे कहे कि यह जो सामने है, यह पूरी तस्वीर है!


यह सब हुआ, होना चाहिए था। आगे भी होता रहेगा। प्रधानमंत्री यूक्रेन की आग बुझा कर लौटेंगे तो चुनावी आग में इस मामले को होम कर, धू-धू जलाएंगे। लेकिन जो नहीं पूछा गया और जिसका जवाब नहीं मिला वह यह सवाल है कि लड़की किसे चाहिए ? आर.जी.कर अस्पताल में जो अनाचार व अत्याचार हुआ, वह डॉक्टर पर नहीं हुआ, लड़की पर हुआ। वह लड़की डॉक्टर थी और वह जगह अस्पताल थी, यह संयोग है। महाराष्ट्र में जो हुआ वह स्कूल था, और जिनके साथ हुआ वे छोटी बच्चियां थीं। तो जो यौन हिंसा हो रही है, उसके केंद्र में लड़की है जिसका स्थान, जिसकी उम्र, जिसका पेशा आदि अर्थहीन है। तो सवाल वहीं खड़ा है कि लड़की किसे चाहिए ? जवाब यह है कि हर किसी को लड़की चाहिए : व्यक्तित्वविहीन लड़की ! शरीर चाहिए। वह स्त्री-पुरुष के बीच जो नैसर्गिक आकर्षण है, उस रास्ते मिले कि प्यार नाम की जो सबसे अनजानी-अदृश्य भावना है, उस रास्ते मिले या डरा-धमका कर, छीन-झपट कर, मार-पीट कर मिले। वह मिल जाए, यह हवस है; मिल जाने के बाद हमारे मन में उसकी प्रतिष्ठा नहीं मिलती है। इसलिए घर, जो लड़की के बिना न बनता है, न चलता है, लड़की के लिए सबसे भयानक जगह बन जाता है जहां उसकी हस्ती की मजार मिलती है। हर घर में लड़की होती है लेकिन मिलती किसी घर में नहीं है। इसकी अपवाद लड़कियां भी होंगी लेकिन वे नियम को साबित ही करती हैं।

इसलिए समस्या को इस छोर से देखने व समझने की जरूरत है। अंधी-कुसंस्कृति की नई-नई पराकाष्ठा छूती राजनीति व जाति-धर्म-पौरुष जैसे शक्ति-संतुलन का मामला यदि न हो, तो भी स्त्री के साथ अमानवीय व्यवहार होता है। ऐसी हर अमानवीय घटना हमें बेहद उद्वेलित कर जाती है। दिल्ली के निर्भया-कांड के बाद से हम देख रहे हैं कि ऐसा उद्वेलन बढ़ता जा रहा है। यह शुभ है। लेकिन यह भीड़ का नहीं, मन का उद्वेलन भी बने तो बात बने। स्त्री-पुरुष के बीच का नैसर्गिक आकर्षण और उसमें से पैदा होने वाला प्यार का गहरा व मजबूत भाव हमारे अस्तित्व का आधार है। वह बहुत पवित्र है, बहुत कोमल है, बहुत सर्जक है। लेकिन इसके उन्माद में बदल जाने का खतरा हमेशा बना रहता है। यह नदी की बाढ़ की तरह है। नदी भी चाहिए, उसमें बहता-छलकता पानी भी चाहिए, बारिश भी चाहिए, वह धुआंधार भी चाहिए लेकिन बाढ़ नहीं चाहिए। तो बांध मजबूत चाहिए। कई सारे बांध प्रकृति ने बना रखे हैं। दूसरे कई सारे सांस्कृतिक बांध समाज को विकसित करने पड़ते हैं। समाज जीवंत हो, प्रबुद्ध हो व गतिशील साझेदारी से अनुप्राणित हो तो वह अपने बांध बनाता रहता है।

परिवार में स्त्री का बराबर का सम्मान व स्थान, परिवार के पुरुष को सांस्कृतिक अनुशासन के पालन की सावधान हिदायत, समाज में यौनिक विचलन की कड़ी वर्जना, कानून का स्पष्ट निर्देश व उसकी कठोर पालना से ऐसा बांध बनता है जिसे तोड़ने आसान नहीं होगा। प्यार की ताकत समर्पण में ही नहीं, उसके अपमान की वर्जना में भी प्रकट होनी चाहिए। नहीं देखता-पढ़ता या सुनता हूं कि किसी प्रेमिका ने अपने प्रेमी को, किसी पत्नी ने अपने पति को, किसी मां ने अपने बेटे को, किसी बहन ने अपने भाई को यानी किसी स्त्री ने अपने दायरे में आने वाले किसी भी पुरुष-संबंध को रिश्ते से, परिवार से बाहर कर दिया हो क्योंकि उससे यौनिक अपराध हुआ है। बलात्कारी को यदि यह अहसास हो, उसके आसपास ऐसे उदाहरण हों कि यौनिक हिंसा के साथ ही वह समाज व परिवार से हमेशा-हमेशा के लिए वंचित हो जाएगा, तो यह एक मजबूत बांध बना सकता है। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। वह समाज को तब तक ही ठेंगे पर रखता है जब तक उसे विश्वास होता है कि वह समाज को हांक ले जाएगा। ऐसा इसलिए होता है कि आज अधिकांशतः समाज जीवंत, संवेदनशील मनुष्यों की जमात नहीं, भीड़ भर है। भीड़ में से मनुष्य को निकाल लाना बड़ी दुर्धर्ष मनुष्यता का काम है। लेकिन बांध बनाना कब आसान रहा है !

यह हमारी खुद से लड़ाई है। लड़का डराएगा नहीं, लड़की लुभाएगी नहीं, तभी दोनों एक-दूसरे के प्रति सहज-स्वस्थ-सुंदर रिश्ता बना व निभा पाएंगे। फिर बच जाएंगी दुर्घटनाएं जिन्हें संभालने-सुधारने-स्वस्थ बनाने का काम घर-समाज-कानून मिल कर करेंगे। अगर ऐसा कुछ बोध समाज को हुआ तो कोलकाता के उस अस्पताल की वह डॉक्टर सच में हम सबकी डॉक्टर बन जाएगी।

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्रा कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




### आज की पाती

### भगवान श्रीकृष्ण सबके आदर्श

भगवान श्रीकृष्ण हमारे बहुत बड़े गुरु, आदर्श और मार्गदर्शक हैं। इन्होंने हमें बताया है कि हमें हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिएं। भगवान भावना के भूखे होते हैं। इनकी बाल लीलाओं को देखा जाए, इनके बारे में पढ़ा जाए, तो हमें पता चलता है कि यह अपने किसी गरीब मित्र से भी घृणा नहीं करते थे, बल्कि उसके साथ हमेशा खेलते रहते थे। जब-जब भी सृष्टि पर पाप बढ़ा है, असुरों के अत्याचार से प्राणी जाति संकट में आई है और सत्य, इनसानियत का पतन होने लगा है, तब-तब भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में आए हैं। कभी राम बनके, तो कभी कृष्ण के रूप में। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी प्यार व इनसानियत से जीने का संदेश देती है। यह अहंकार छोड़ने और गलत आदतों से दूर रहने का सबक देती है। *- महेश पटवा, धमतरी*

## ट्रेंड

### बहुत खुशी हुई



अपने दोस्त ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज से बात करके खुशी हुई। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति और क्वाड सहित बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का जायजा लिया।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भय का माहौल



ज़िम्मेदार लोगों का काम भय से बचाना होता है, भय फैलाना नहीं। अगर ये किसी के व्यक्तिगत विचार हैं तो गलत हैं और अगर उनके दल के हैं तो और भी ज़्यादा ग़लत हैं। इस वातावरण में क्या डबल इंजन दुबक कर जा बैठा है।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

### जन्माष्टमी है खास



बचपन से ही जन्माष्टमी का दिन मेरे लिए बहुत यादगार रहा। उधर घर में झांकी सजाने की तैयारी होती और इधर हमें पूरा दिन व्रत रखना पड़ता। दिन में एक या दो बार रुलाई आ ही जाती।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### मनुष्य को सशक्त बनाना



भगवान कृष्ण का मिशन मनुष्यों को इतनी ऊंचाई तक सशक्त बनाना था कि देवता उनसे ईर्ष्या करें। हर इंसान में वह क्षमता होती है। जरूरत है तो बस इतनी कि उस क्षमता का किस तरह से विकास किया जाए कि इंसान देव की तरह निष्कपट रहे, वो इंसानियत को अपनाए।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

## पाकिस्तान



विवेक शुक्ला

# क्यों नहीं थम रहे पाक में पंजाबियों पर हमले

पाकिस्तान में पंजाबियों के खून बहने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार को अल सुबह बलूचिस्तान सूबे में कम से कम 23 पंजाबी मुसाफिरों को बसों और ट्रकों से उतारकर बारी-बारी से गोली से उड़ा दिया गया। हमलावरों ने पहले मुसाफिरों से उनके पहचान पत्रों की जांच की और एक बार जब उन्हें यकीन हो गया कि ये पंजाब से हैं तो उनका कत्ल कर दिया गया। बलूचिस्तान में कामकाज के सिलसिले में गए पंजाबियों का कत्लेआम बीते चारेक सालों से जारी है। तरीका एक ही है। किसी सुनसान जगह से गुजरने वाली बसों और ट्रकों को रोक कर पंजाबी मुसाफिरों को मार दो। पिछले मई में पाकिस्तान के तटीय शहर ग्वादर में अज्ञात बंदूकधारियों ने पंजाब प्रांत के सात लोगों को गोली मारकर भून डाला था। ये सब पेशे से नाई थे। इस साल बलूचिस्तान में पंजाबियों पर हमलें की यह चौथी बड़ी घटना है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से ईरान जा रहे नौ पंजाबियों की अप्रैल में हत्या की जिम्मेदारी ली थी। पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है। पंजाबी नौजवानों को अगवा भी किया जा रहा है। फिर उनका पता ही नहीं चल पाता। इस तरह के सैकड़ों केस हैं। पाक सरकार के लाख चाहने के बावजूद पंजाबियों पर हमले की खबरें दुनिया के सामने आ ही जाती हैं।

**क्यों निशाने पर पंजाबी :** पाकिस्तान की एक बड़ी आबादी नफरत करती है पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियों से भरी हुई पाकिस्तानी सेना से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है और उनके हकों को मार रहा है। दरअसल बलूचिस्तान में लंबे समय से पाकिस्तानी सरकार पर बलूचिस्तान के प्रचूर प्राकृतिक संसाधनों के लूटने के आरोप लग रहे हैं। उनका कहना है कि इस कारण बलूचिस्तान बर्बाद हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न होने के बावजूद, बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे कम आबादी वाला और गरीब प्रांत बना हुआ है। बलूचिस्तान की जनता मानती रही है कि उनके देश की सेना ने उनके महबूब नेता अकबर बुगती का कत्ल किया था। बलूचिस्तान में पंजाबी विरोधी आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की नींद उड़ी हुई है। उसका इस आंदोलन के कारण परेशान होना लाजिमी है। दरअसल इसी बलूचिस्तान सूबे में चीन की मदद से 790 किलोमीटर लंबा ग्वादर पोर्ट बन रहा है। पाकिस्तान सरकार को लगता है कि ग्वादर पोर्ट के बनने से देश की तकदीर बदल जाएगी। पर बलूचिस्तान के अवाम को यह सब झूठ ही लगता है। उनका मानना है कि ग्वादर पोर्ट बनने से सिर्फ पंजाब के हितों को ही लाभ होगा। उन्हें तो बस छला जा रहा है।

**खोखले दावे :** पाकिस्तान सरकार पंजाबियों पर हमलावरों को पकड़ने के रस्मी दावे-वादे करती है, पर होता कुछ नहीं है। लाहौर में रहने वाले लेखक और भाषाविद्द प्रो. तारिक जताला कहते हैं कि पाकिस्तान सरकार और सेना पर पंजाबियों का कब्जा है। इसलिए पाकिस्तान में गैर- पंजाबी पंजाबियों से नफरत करते हैं। ईस्ट पाकिस्तान, जो अब बांग्लादेश है, वह भी पंजाब के वर्चस्व से निकलने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह करने लगा था। ईस्ट पाकिस्तान पर पाकिस्तान सेना ने नाइंसाफी की थी।

**पाकिस्तान का विचार :** पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में इस्लामिक कट्टरपन सबसे ज्यादा है। यह भी याद रखना होगा कि पाकिस्तान के विचार को पंजाब ही आगे बढ़ाता है। पाकिस्तान सेना में 80 फीसद तक पंजाबी है, हालांकि देश में उनकी आबादी 65 फीसद के करीब होगी। पाकिस्तान सेना ने खून-खराबा करने में अपनों को भी नहीं बख्शा है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। सेना ने लाखों लोगों की बेरहमी से हत्याएं कीं, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार किया और तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दीं। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। बलूचिस्तान का अवाम मानता है कि उनके संसाधनों से पंजाब और पंजाबियों का ही पेट भरता है। इसलिए ही बलूचिस्तान में पंजाबियों से नफरत की जाती है। बलूचिस्तान तो पाकिस्तान का अंग बनकर रहना ही नहीं चाहता। वह तो पाकिस्तान सेना की ताकत उसे पाकिस्तान का हिस्सा बनाए हुई है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में विद्रोह को दबाने के लिए टैंक और लड़ाकू विमानों तक का इस्तेमाल करती है। समूचा बलूचिस्तान अंधकार युग में रह रहा है। इधर कायदे की शिक्षा व्यवस्था तक नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## करंट अफेयर

# म्यांमा की सीमा के पास गश्त करेगी चीन की सेना



चीन की सेना इस सप्ताह म्यांमा सीमा के पास सशस्त्र गश्त करेगी क्योंकि चीनी सरकार म्यांमा में गृहयुद्ध में भीषण संघर्ष के संभावित नतीजों को लेकर चिंतित है। चीनी सेना की दक्षिणी थियेटर कमान ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बनाए रखने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए सोमवार को दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत में सैनिकों को तैनात किया गया है। एक जातीय मिलीशिया समूह ने म्यांमा की सेना को देश के पूर्वोत्तर में कई झटके दिए हैं, जो चीन के पास स्थित है। गत जनवरी में चीन के क्षेत्र में तोप का एक गोला गलती से गिरने से पांच लोग घायल हो गए थे। युन्नान प्रांत की सरकार ने कहा कि मंगलवार से बृहस्पतिवार तक चार स्थानों पर गोलीबारी के अभ्यास किए जाएंगे, जिनमें दो अभ्यास रुइली शहर में होंगे। चीन की दक्षिणी कमान ने एक बयान में कहा कि इकाइयां सशस्त्र गश्त और संयुक्त हवाई-जमीनी गश्त करेंगी ताकि वे तेजी से तैनाती, अवरोध और नियंत्रण करने और एकसाथ हमला करने की अपनी क्षमता का परीक्षण कर सकें। सेना ने इससे पहले म्यांमा सीमा के पास गोलीबारी का अभ्यास पिछले नवंबर में किया था।

## ऑफ बीट

# वायरस वहां कारगर जहां एंटीबायोटिक रहते बेअसर



चूंकि दुनिया भर में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया की संख्या में वृद्धि होने से पारंपरिक एंटीबायोटिक अप्रभावी हो रहे हैं, इसलिए विशिष्ट वायरस इसका समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। बैक्टीरियोफेज या फेज कहलाने वाले वायरस बैक्टीरिया या जीवाणुओं को निशाना बनाते हैं, लेकिन इंसानों या दूसरे जीवों को संक्रमित नहीं कर सकते। फेज बैक्टीरिया की कोशिका में अपना डीएनए इंजेक्ट करते हैं, उनके संसाधनों का इस्तेमाल करके प्रतिकृति तैयार करते हैं और फिर आस-पास के ज्यादा जीवाणुओं को संक्रमित करने के लिए बाहर निकल आते हैं। मूलतः, वे प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले, खुद से फैलने वाले और विशिष्ट एंटीबायोटिक हैं। 100 साल से भी ज्यादा पहले खोजे गए, बैक्टीरिया के खिलाफ उनके इस्तेमाल को एंटीबायोटिक के पक्ष में काफी हद तक दरकिनार कर दिया गया। हमारे नए शोध में बैक्टीरिया की प्राकृतिक सुरक्षा की उपेक्षा के लिए फेज द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक विशेष प्रोटीन को देखा गया। हमने पाया कि इस प्रोटीन में डीएनए और आरएनए से जुड़कर एक आवश्यक नियंत्रण कार्य होता है। यह बढ़ी हुई समझ मानव स्वास्थ्य या कृषि क्षेत्र में जीवाणु रोगजनकों के खिलाफ फेज का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## कहीं नृत्य तो कहीं मटकी फोड़ का आयोजन

# दुनियाभर में जन्माष्टमी को लेकर है क्रेज.. अलग अलग देशों में धूमधाम से मनाया जाता है यह 'पर्व'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है, और भक्त उपवास करते हैं और भक्ति गीत गाते हैं। दही हांडी कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जहां टीमें दही से भरे बर्तन को तोड़ने के लिए एक पिरामिड तैयार करती हैं। जो कृष्ण भगवान के चंचल स्वभाव का भी प्रतीक माना जाता है।





### यूएस में धूमधाम से मनाते हैं उत्सव

संयुक्त राज्य अमेरिका में, हिंदू समुदाय मंदिरों और सांस्कृतिक केंद्रों में जन्माष्टमी मनाने के लिए एक साथ आते हैं। कार्यक्रमों में भजन (भक्ति गीत), कृष्ण के जीवन को दर्शाने वाले डांस और सामूहिक भोजन शामिल हैं। इस्कॉन मंदिर इन समारोहों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### नेपाल में उत्सव नृत्य के साथ मनाया जाता है

जन्माष्टमी पर नेपाल में, यह त्यौहार मंदिरों में जाकर और विशेष प्रार्थना करके मनाया जाता है। भक्त पाटन दरबार स्क्वायर में कृष्ण मंदिर में अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए इकट्ठे होते हैं। यहां उत्सव पारंपरिक संगीत और डांस परफॉर्मेंस के साथ मनाया जाता है।

### लंदन में अनोखी परंपराएं

यूनाइटेड किंगडम में भी जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया जाता है, खासतौर पर लंदन और लीसेस्टर जैसे शहरों में। मंदिरों में कृष्ण के जीवन पर आधारित नाटक, कीर्तन (भक्ति गायन) और भोज जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लंदन के पास भक्तिवेदांत मनोर भारत के बाहर सबसे बड़े जन्माष्टमी उत्सवों में से एक का आयोजन करता है।



### मॉरीशस में जन्माष्टमी



मॉरीशस में, जहां हिंदू आबादी रहती है, जन्माष्टमी बहुत धूमधाम से मनाई जाती है। भक्त प्रार्थना करने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मंदिरों में जाते हैं। इस त्यौहार के दौरान यहां पारंपरिक भारतीय रीति-रिवाजों और स्थानीय प्रभावों का मिश्रण देखने को मिलता है।

### फिजी के मंदिर सजे

फिजी में एक हिंदू समुदाय भी है जो जन्माष्टमी को भक्ति भाव से मनाता है। मंदिरों को खूबसूरती से सजाया जाता है, और भक्त उपवास और रात भर जागरण करते हैं। उत्सव के दौरान कृष्ण के जीवन के दृश्यों को दर्शाने वाले सांस्कृतिक प्रदर्शन आम हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो में, जन्माष्टमी को भारतीय-त्रिनिदादियन समुदाय द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। मंदिरों में विशेष प्रार्थना और भजन आयोजित किए जाते हैं। जबकि घरों को रोशनी और फूलों से सजाया जाता है। यह त्यौहार कैरिबियाई द्वीपों में भारतीय बंधुआ मजदूरों द्वारा लाई गई समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है। जन्माष्टमी का सार परंपराओं और आनंदपूर्ण उत्सवों के माध्यम से लोगों को एक साथ लाने की इसकी क्षमता में निहित है। चाहे दही हांडी फोड़ना हो या भक्ति गीत गाना हो ये त्यौहार भगवान कृष्ण के जन्म का सम्मान करने के लिए दुनिया भर के समुदायों को एकजुट करता है।



## भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन

# कंपनियों के कई सीईओ से भारत में निवेश की संभावनाओं पर चार मंत्रियों ने की चर्चा

*माना जा रहा है कि इस गोलमेज बैठक में अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के लिए आधार तैयार किया जाएगा। बैठक में भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक नया एजेंडा निर्धारित किया जाएगा।*

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। चारों मंत्री सोमवार को आयोजित होने वाले दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) के लिए यहां आए हैं, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की जाएगी और आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन एस से संयुक्त रूप से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। भारत-सिंगापुर रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर उनके मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री वोंग से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा, सोमवार को सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात करके बहुत खुशी हुई। साथ में मेरी सहयोगी निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव थे। हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



### व्यापक रिश्ते बनाने के लिए नए रास्ते तलाश सकेंगे

भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में प्रधानमंत्री वोंग की सतत सहभागिता की सराहना करता हूं। आईएसएमआर में चारों नेता अपने सिंगापुरी समकक्षों के साथ शामिल होंगे और सितंबर 2022 में नई दिल्ली में आयोजित पहले आईएसएमआर की प्रगति की समीक्षा करेंगे। आईएसएमआर का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले महीने सिंगापुर की संभावित यात्रा से पहले यहां किया जा रहा है। उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालकृष्णन, गृह एवं विधि मंत्री के. षणमुगम, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री तथा गृह मामलों के द्वितीय मंत्री जोसेफिन टेओ आदि शामिल होंगे। आईएसएमआर एक अनूठा तंत्र है जिसकी स्थापना भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नया एजेंडा तय करने के लिहाज से की गई है। इस बैठक से दोनों पक्ष अपनी रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर सकेंगे।

### भारत-सिंगापुर के रिश्ते पहले से मजबूत

भारत और सिंगापुर के रिश्ते पहले से ही काफी मजबूत हैं। दोनों देश कई वैश्विक मंचों जैसे कि ईस्ट एशिया समिट, जी-20, कॉमनवेल्थ, इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन और इंडियन ओशन नेवल सिम्पोजियम के भी सदस्य हैं। कई अंतराष्ट्रीय विषयों पर भारत और सिंगापुर अपने विचारों की समरूपता प्रदर्शित कर चुके हैं। इतना ही नहीं, दोनों देशों के बीच, 20 से अधिक द्विपक्षीय तंत्र चलते रहते हैं। इसके अलावा, भारत-सिंगापुर के बीच सैन्य अभ्यास भी होते रहते हैं।

## अमेरिकी दौरे का अंतिम दिन

# राजनाथ ने मेम्फिस में राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमरीका दौरे के अंतिम दिन टेनेसी के मेम्फिस में स्थित राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय का दौरा किया और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ बातचीत की। यह राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय 17वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान तक अमरीका में नागरिक अधिकार आंदोलन के इतिहास को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण परिसर का निर्माण वर्ष 1968 में उस स्थल के आसपास किया गया है, इस संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी है, जो अहिंसा के साथ संघर्ष के लिए उनकी प्रेरणा को दर्शाती है। राजनाथ सिंह ने मेम्फिस, अटलांटा, नैशविले और अन्य आस-पास के क्षेत्रों से आए हुए भारतीय प्रवासियों से वार्तालाप किया। उन्होंने समुदाय के सदस्यों की उपलब्धियों और समाज, विज्ञान तथा अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। रक्षा मंत्री ने भारतीय समुदाय के सदस्यों को भारत और अमरीका के बीच रिश्तों का एक 'समकालीन सेतु' करार दिया, जो घनिष्ठ संबंधों एवं सद्भावना को बढ़ावा देता है।



### भारतीय समुदाय के प्रयासों की सराहना की

रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी के सम्मान में एक प्रदर्शनी का आयोजन करने और साल 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय के पास दो मानद 'गांधी मार्ग' सड़क संकेत लगाने में भारतीय समुदाय के प्रयासों की भी सराहना की। सिंह ने यात्रा के अंतिम कार्यक्रम के दौरान पिछले दशक में भारत की विकास गाथा तथा उज्ज्वल भविष्य के साथ इसकी अपार संभावनाओं को भी उजागर किया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर फिर अत्याचार, सरकार से गुहार

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हिंसा की घटनाएं अभी नहीं थमी हैं। हिंदू अल्पसंख्यक नेताओं ने अंतरिम सरकार के चीफ मोहम्मद यूसुफ से एक्शन लेने और उन्हें बचाने की दरख्वास्त की है। सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर यूनुस के साथ बैठक में हिंदू नेताओं ने मंदिरों की भूमि सहित उनकी संपत्तियों को हड़पने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि वे उनकी मदद करे।




# सागर द्वीप में डूबा मालवाहक जहाज, तटरक्षक बलों ने बहादुरी दिखा बचाई 11 लोगों की जान




एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय तटरक्षक बल ने एक सफल बचाव अभियान चलाते हुए डूब रहे कार्गो जहाज एमवी आईटीटी प्यूमा पर सवार 11 सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। यह जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर की ओर जा रहा था, लेकिन सागर द्वीप से 70 समुद्री मील दक्षिण में खराब मौसम के कारण डूब गया। तटरक्षक बल के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि चालक दल के तीन सदस्य अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया, रविवार रात को हुए इस अभूतपूर्व बचाव अभियान में तटरक्षक बल के कर्मियों ने समन्वित समुद्र-हवाई अभियान के माध्यम से 11 व्यक्तियों को बचाया। एमवी आईटीटी प्यूमा सागर द्वीप से 70 समुद्री मील दक्षिण में डूब गया। यह चुनौतीपूर्ण बचाव अभियान तटरक्षक बल के जहाज 'सारंग' और 'अमोध' की संयुक्त कार्रवाई और एक डोर्नियर विमान के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### *तीन सदस्यों की खोज अब भी जारी*

*एक वरिष्ठ तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में पंजीकृत इस जहाज की वहन क्षमता 75 मीट्रिक टन थी और यह कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर दूर डूब गया। अधिकारी ने बताया कि कल सागर वीटीएस (वेसल ट्रैकिंग सिस्टम) से तटरक्षक बल हल्दिया को सूचना मिली थी। तटरक्षक बल के डोर्नियर विमान ने इसे रात 9:30 बजे कंफर्म किया और आईसीजी जहाज 'सारंग' और 'अमोध' ने रात 9:45 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर खोज और बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान अभी भी जारी है और लापता सवार और चालक दल के तीन सदस्यों की खोज की जा रही है।*



## जैकेट के शेष

### फोरलेन की लागत...

तो वे भी इस बात से सहमत नजर आए। उनका भी मत है कि अगर निर्माण की लागत निकल गई होगी, तो टोल नाका को फ्री किया जाना चाहिए। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर वे अधिकारियों से बात करने के बाद ही निर्णय लेने की जानकारी भी दे रहे हैं। उनका कहना है कि अगर फोरलेन के निर्माण पर खर्च किया गया 65 करोड़ रुपए वसूल हो गया होता, तो कुम्हारी नाका से टैक्स वसूली स्वतः बंद हो जाती।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी से बात करूंगा** : कुम्हारी टोल प्लाजा मामले में मैं पहले भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख चुका हूं। एक बार फिर से जनता की समस्या को देखते हुए केंद्रीय मंत्री और अधिकारियों से इस मामले में बात करूंगा।

**- विजय बघेल**, दुर्ग सांसद

### कश्मीर में चुनाव से...

पहले चरण के लिए 15 उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची जारी की गई। इस बीच, जम्मू स्थित पार्टी कार्यालय में मूल सूची में जारी कुछ नामों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने प्रदर्शन और नारेबाजी भी की। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रवींदर रैना ने जहां शुरुआती सूची पर नाराजगी को तवज्जो नहीं दी, वहीं विरोध प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि मेहनती कार्यकर्ताओं की जगह 'पैराशूट उम्मीदवारों' को चुना गया। पहले चरण के लिए 16 उम्मीदवारों की सूची में तीन पूर्व विधायक और एक महिला उम्मीदवार शगुन परिहार शामिल हैं। संशोधित सूची के अनुसार जम्मू क्षेत्र की चिनाब घाटी में भाजपा ने पूर्व मंत्रियों सुनील शर्मा (पाडेर-नागसेनी) और शक्ति राज परिहार (डोडा पश्चिम), पूर्व विधायक दलीप सिंह परिहार (भदरवाह), शगुन परिहार (किश्तवाड़), तारिक कीन (इंदरवल), गजय सिंह राणा (डोडा), राकेश ठाकुर (रामबाण) और सलीम भट (बनिहाल) को मैदान में उतारा है। भाजपा की नीलम कुमार लंगेह ने 2014 के चुनावों में रामबाण निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की थी लेकिन इस बार उन्हें टिकट नहीं दिया गया। कश्मीर घाटी में भाजपा ने उपाध्यक्ष सोफी यूसु (श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा), सैयद शौकत गयूर अंद्राबी (पाम्पोर), अर्शीद भट्ट (राजपोरा), जावेद अहमद कादरी (शोपियां), मोहम्मद रफीक वानी (अनंतनाग पश्चिम), सैयद वजाहत (अनंतनाग), वीर सर्राफ (शनगुस अनंतनाग पूर्व) और चौधरी रोशन हुसैन गुज्जर (कोकरनाग-अजजा) को मैदान में उतारा है।

### महादेव सट्टा सीबीआई को...

प्रकरणों का एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तक जुड़े होने की बात आ रही थी। सारे प्रकरण सीबीआई को सौंप दिए गए हैं। कठोरता के साथ आदेश पर कार्रवाई होगी। जो विदेश में भी लोग हैं, उन्हें भी यहां लाने की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि महादेव सट्टा मामले में अब तक ईडी ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी करीब 16 महीने से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान ईडी ने आरोप लगाया था कि सिंडिकेट को संरक्षण देने वालों में उच्च पदस्थ राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। ईडी के अनुसार इस मामले में करीब 6 हजार करोड़ रुपए की आय कमाई गई है।

**सीबीआई को तीसरा मामला** : राज्य में पांच साल बाद सीबीआई की एंट्री छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की सीजीपीएससी 2021 की भर्ती की जांच से हुई है। इसके साथ बिरनपुर हिंसा मामले में भी सीबीआई पहले से ही जांच कर रही है। महादेव एप घोटाले की यह तीसरी सीबीआई जांच होगी।

**नोटिफिकेशन में यह कहा गया** : गृह विभाग से जारी नोटिफेकेशन में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 की धारा 6 के तहत प्रदान शक्तियों का प्रयोग करते हुए, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार सहमति देती है कि धारा 420, 467 के तहत अपराध संख्या 6/2024 द्वारा अपराध की जांच और जांच करने के लिए इस विभाग की समांकित अधिसूचना 12 फरवरी 2024 के माध्यम से दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान के सदस्यों को पूरे छत्तीसगढ़ में शक्तियों और क्षेत्राधिकार का विस्तार किया गया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 468, 471, 201, 120 बी और भष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7,7 ए (2018 में संशोधित) जुआ अधिनियम 1867 की धारा 4,7,8,11 सार्वजनिक जुआ (एम पी संशोधन) संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा महादेव ऑनलाइन जुआ प्लेटफार्म और अन्य संबंधित प्लेटफार्म को संशाधित करने और शामिल होने वाले अपराधियों के खिलाफ जांच व कार्रवाई।

### काफिला विवाद गरमाया...

कार्यकर्ता तथा भाजपा नेता थाने पहुंच गए तथा मारपीट की घटना का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व 24 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धरना-प्रदर्शन में शामिल होने दुर्ग जा रहे थे। इस दौरान भिलाई-3 सिरसा चौक के पास हिंदू संगठन से जुड़े 20 से 25 कार्यकर्ताओं श्री बघेल के काफिले को रोक लिया। काफिला रोकने वालों के पास पूर्व मुख्यमंत्री मिलने जा रहे थे, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आपत्तिजनक नारेबाजी की। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री के सुरक्षागार्ड श्री बघेल को वहां से वापस लेकर चले गए। कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

भाजपा नेताओं ने किया थाने का घेराव

हिंदू संगठन से जुड़े दो कार्यकर्ताओं की पिटाई करते हुए थाने ले जाने की जानकारी मिलने के बाद भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष महेश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा तथा हिंदू संगठन से जुड़े नेताओं के नेतृत्व में थाने का घेराव किया गया। भाजपा नेताओं ने सभापति तथा पार्षदों के खिलाफ अपहरण तथा मारपीट करने का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए थाने में भारी पुलिसबल तैनात किया गया है।

### घर की दीवार...

मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली फतेहपुर के करतमा निवासी सचिन दास अपनी पत्नी, मां व दो बच्चियों के साथ रहता है। युवक पत्नी के साथ सोमवार की सुबह काम करने के लिए गया हुआ था।

इस दौरान युवक की मां 53 वर्षीया धनमतिया, 2 वर्षीया पुत्री बिजली और डेढ़ वर्षीया पुत्री सुहानी घर पर मौजूद थे। इस दौरान तीनों घर में बैठे हुए थे इसी बीच उनके घर के मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने की घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में मलबा हटाने का प्रयास शुरू किया गया। इसी बीच सचिन दास भी पत्नी के साथ काम करके वापस घर लौटा। इस दौरान अपने घर के बाहर लोगों की भीड़ देखकर वह सहम गया। जब युवक आगे बढ़ा तो उसके घर की दीवार गिरी हुई थी। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक की मां और बच्चियों को बाहर निकाला गया।

**दीवार गिरने से हुई घटना** : दीवार गिरने से घायल महिला और दो बच्चियों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना सूरजपुर जिले की है। **- अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

### उफनती नदी को...

को कॉल किया, लेकिन बचाव दल नहीं पहुंच सका। दर्द ज्यादा बढ़ने पर ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाई और जान जोखिम में डालकर महिला को खाट से उफनती नदी पार कराकर रेड्डी उप स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। आजादी के 77 वर्ष बाद भी सुदूर ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीणों को आज भी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पाती है। कामानार तक सड़क एवं पुल नहीं हैं, जिससे एंबुलेंस घरों तक नहीं पहुंच पाती है। आलम यह है कि इन्हें एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए किसी तरह अपनी व्यवस्था खुद करनी पड़ती है।

### सातों जिलों में...

बीमारियों के रोकथाम के लिए औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके अलावा क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने एवं नियमित भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं।

## पेज एक के शेष

### सरेंडर करने वाले...

**ने कही ये बात** : नई सरेंडर पॉलिसी के संबंध में श्री शर्मा ने : कहा- नक्सलियों की सरेंडर पॉलिसी को और बेहतर करना है,सुविधाओं को जोड़ना है। हम चाहते हैं और सुविधाएं देकर उनका जीवन व्यवस्थित करें। बस्तर की स्थिति ऐसी है कि सरेंडर करने वालों को सात दिवस के भीतर आप गन पकड़ाकर गनमैन बना सकते हैं इतने विश्वासपात्र होते हैं। वे अनावश्यक बंदूक लेकर निकले हैं, उन्हें मुख्यधारा में जोड़ना हमारा मकसद है।

### सात दिनों में तीसरी...

के उपर पर्चा छोड़ा था जिसमें उसकी हत्या की बात स्वीकार की है। घटना रविवार की बताई जा रही है जहां नक्सलियों ने जनअदालत लगाया था। यहां भैरमगढ़ के सीतु माडवी 30 वर्ष निवासी जैगुर पंचायत पर 2021 से पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में उसकी हत्या कर दी गई। मौके पर छोड़े पर्चे में नक्सलियों ने लिखा है कि 2021 से सीतु माडवी पुलिस की मुखबिरी कर रहा था। जिसके कारण उसे 26 अगस्त को मौत की सजा दी गई है।

### सप्ताह भर में जनअदालत ...

थी। नक्सलियों ने अपने ही साथी निलो उर्फ राधा को पुलिस इनफार्मर बताते हुए तेलंगाना के चारला मंडल क्षेत्र के जंगल में जनअदालत लगाकर हत्या कर उसके शव को चेन्नापुरम गांव के पास फेंक दिया था। इससे पूर्व नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर गंगालूर थाना क्षेत्र के पूसनार गाँव के गायतापारा के ग्रामीण लांचा पुनेम को भी पुलिस का मुखबिर बताते हुए जनअदालत में बेहरमी हत्या कर दी थी।

### इधर, 29 लाख के ईनामी ...

बीजापुर। शासन की पुनर्वास, आत्मसमर्पण नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया एवं गंगालूर एरिया कमेटी के पार्टी सदस्य, एलओएस सदस्य, सीएनएम अध्यक्ष सहित 25 माओवादियों ने सोमवार को उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर कार्यालय में समर्पण किया। आत्मसमर्पित माओवादियों में शामबती मड़कम 23 वर्ष निवासी मदपाल थाना मिरतुर कंपनी नम्बर 2 में पार्टी सदस्य ईनामी 8 लाख , ज्योति पूनेम उम्र 27 निवासी बुरजी थाना गंगालूर 8 लाख ईनामी, महेश तेलम उम्र 24 वर्ष निवासी मेटापाल थाना गंगालूर 8 लाख ईनामी, विष्णु करटम उम्र 29 वर्ष निवासी पीड़ियाकोट थाना ओरछा 3 लाख ईनामी, जयदेव पोडियाम उम्र 18 वर्ष निवासी पेदापाल थाना मिरतुर 1 लाख ईनामी, गुडडु ककेम उम्र 20 वर्ष निवासी मड़कमपारा थाना मिरतुर 10 हजार ईनामी, सुदरू पूनेम उम्र 32 वर्ष निवासी पुसनार थाना गंगालूर 10 हजार ईनामी, सन्नू पोड़ियाम 23 वर्ष निवासी पेदापाल थाना मिरतुर, बासू पोड़ियाम 27 वर्ष निवासी पेदापाल थाना मिरतुर, मोटूराम तेलम 37 वर्ष निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर, सोमारू तेलम 25 वर्ष निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर, सोमलू पोटाम 31 वर्ष निवासी मदपाल, राजू वंजाम 42 वर्ष निवासी मदपाल, सुखराम तेलम 22 वर्ष निवासी मदपाल, आयतु तेलम 30 वर्ष निवासी मदपाल, संतोष तेलम ऊर्फ धोबीराम 34 वर्ष निवासी मदपाल, बिज्जू तेलम 23 वर्ष निवासी मदपाल, राकेश फरसीक 35 वर्ष निवासी कुरूष थाना गंगालूर, बुदरू पूनेम 35 जाति निवासी पुसनार थाना गंगालूर, कोया पूनेम ऊर्फ सुखराम 41 वर्ष निवासी मेटापाल, सांतो पूनेम ऊर्फ रिशु 32 वर्ष निवासी मेटापाल थाना गंगालूर, छोटू पोटाम ऊर्फ जोम्मा 28 वर्ष निवासी मेटापाल, सुक्कु कुडियम 33 वर्ष निवासी मेटापाल, पाकलू पूनेम 35 वर्ष निवासी पुसनार थाना गंगालूर और रमेश अवलम 25 वर्ष निवासी कडेर थाना नैमेड़ शामिल हैं। इस दौरान डीआईजी सीआरपीएफ देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वीं वाहिनी सुनील कुमार, कमांडेंट 222वी वाहिनी केरिपु विजेन्द्र कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी विनित साहू मौजूद थे।

**दी गई 25-25 हजार प्रोत्साहन राशि** : माओवादियों ने बताया कि संगठन में कार्यों की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर आत्मसमर्पण किए हैं। साथ ही शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करना बताया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें 25000-25000 रुपए नकद प्रोत्साहन राशि दी गई है।

### हिंसक घटनाओं में ...

पाम्पलेट बैनर लगाने, पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने, पुलिया में तोड़फोड़ करने, स्पाईक होल लगाने की घटनाओं में शामिल थे।

### पॉलीग्राफ टेस्ट: कोलकाता...

अन्य महिला को छेड़ा था। आरोपी संजय रॉय ने सीबीआई को बताया कि वो अपराध की वारदात को अंजाम देने से पहले रेड लाइट एरिया गया। इस दौरान उसका दोस्त भी साथ था। हालांकि, उसने ये बताया कि रेड लाइट एरिया पहुंचकर उसने सेक्स नहीं किया।

**जेल में वीडियो कॉल की आजादी जैसा मिल रहा वीवीआईपी ट्रीटमेंट**

# मर्डर के आरोपी एक्टर दर्शन जेल में सिगरेट पीते दिखे, 7 अफसर सस्पेंड

एजेंसी ▶▶| बंगलुरू

कर्नाटक के बेंगलुरु के रेणुका स्वामी मर्डर केस में परप्पना अग्रहारा केंद्रीय जेल में बंद कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार दर्शन थुगुदीपा को बेलगाम या बेल्लारी जिला जेल में शिफ्ट किया जा सकता है। यह कार्रवाही उनकी एक वीडियो और तस्वीर वायरल होने के बाद की जा रही है, जिसमें उन्हें जेल के अंदर वीवीआईपी ट्रीटमेंट के साथ देखा जा सकता है। इस मामले में सरकार ने जेल के सात अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया है। जेल अधीक्षक का तबादला कर दिया गया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि जिन लोगों को निलंबित किया गया है, उनमें जेलर शरण बसप्पा अमिंगद और प्रभु एस खंडेलवाल, सहायक जेलर एल एस कुप्पेस्वामी और श्रीकांत तलवार, हेड वार्डर वेंकप्पा, संपत कुमार और वार्डर के बसप्पा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आने के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया था। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक टीम जांच के लिए जेल में भेजी थी।



**यह है वीडियो**

कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा वायरल वीडियो में कॉल पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। क्लिप की शुरुआत पीले रंग की टी-शर्ट पहने एक शख्स से होती है, जो वीडियो कॉल पर दूसरे व्यक्ति को गर्मजोशी से मुस्कुराता हुआ देखता है। जैसे-जैसे कॉल आगे बढ़ती है, दूसरा शख्स अपने चेहरे से कैमरा हटाकर दूर चला जाता है। वो मोबाइल को पास में खड़े किसी व्यक्ति को थमा देता है। कुछ ही देर बाद, मोबाइल स्क्रीन पर एक्टर दर्शन का चेहरा दिखाई देता है। दर्शन खुशी से हाथ हिलाकर उस आदमी का अभिवादन करते हैं। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होती है। इससे पहले उनकी एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें जेल के अंदर उनको वीवीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है। इस तस्वीर में वो तीन कैदी दोस्तों के साथ जेल के लॉन में बैठे हुए दिखाई देते हैं। सभी लोग चाय और सिगरेट पी रहे होते हैं। उनके साथ दिख रहे एक शख्स का नाम विल्सन गार्डन नागा है, जो कि एक कुख्यात गैंगस्टर है।

### रेणुका के पिता ने जताई हैरानी

वायरल तस्वीर पर प्रतिक्रिया देते हुए रेणुका स्वामी के पिता शिवा गौड़ा ने राज्य सरकार से अभिनेता के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, "जब दर्शन ने घर का बना खाना मांगा, तो उसे इसकी अनुमति नहीं दी गई। हमें पुलिस और न्याय प्रणाली पर भरोसा है।" रेणुका स्वामी के पिता शिवा गौड़ा ने कहा, "मैं पूरी तरह हैरान हूं कि ऐसा कैसे हुआ. यह मेरे लिए चौंकाने वाली खबर है। मैं राज्य सरकार से इस मामले की जांच करने और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं।

**यह है मामला**

दर्शन थुगुदीपा और उनकी महिला मित्र एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा सहित कई आरोपियों को रेणुका स्वामी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 33 वर्षीय ऑटो चालक रेणुका को 9 जून को बेंगलुरु में एक फ्लाईओवर के पास मृत पाया गया था। रेणुका स्वामी, जो दर्शन के प्रशंसक थे, को अभिनेता के निर्देश पर एक गिरोह ने अपहरण कर लिया और उनकी हत्या कर दी, क्योंकि पवित्रा को परेशान कर रहे थे। हत्या की इस वारदात को बेंगलुरु के पट्टनगेरे गांव में अंजाम दिया गया था। यह हत्या 30 लाख सुपारी देकर एक्टर दर्शन ने करवाई थी।

## बुलेट ट्रेन का अहम पड़ाव...100 मीटर लंबा व चार मंजिला इमारत के बराबर स्टील ब्रिज...जोड़ते समय अटकी सांसें



**नई दिल्ली।** मुंबई और अहमदाबाद के बीच शुरू होने वाली बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। सिलवासा, दादरा और नगर हवेली में 100 मीटर लंबे और चार मंजिली इमारत के बराबर स्टील ब्रिज को लॉन्च किया गया। यह ब्रिज त्रिची, तमिलनाडु में तैयार किया गया और ट्रेलरों से ट्रांसपोर्ट कर मुंबई लाया गया। इस भारी भरकम स्टील ब्रिज को लांच करते समय वहां मौजूद लोगों की सांसें अटकी रहीं। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार 508 किमी लंबे मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में कुल 28 स्टील ब्रिज बनने हैं।

### दुष्कर्म, जबरन धर्मांतरण के आरोपी को जमानत देने से किया इनकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक विवाहित महिला को बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करने और उसे इस्लाम में धर्म परिवर्तित करने के लिए मजबूर करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी रफीक ने बेलगावी जिले के सावदत्ती तालुक के मुनावल्ली गांव में अनुसूचित जाति की एक महिला से कथित तौर पर दोस्ती की और उसे बेलगावी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसे बंधक बना लिया, कई बार दुष्कर्म किया और उस पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डाला। महिला ने आरोपी के चंगुल से भागकर पति को आपबीती सुनाई जिसके बाद रफीक को गिरफ्तार कर लिया।

## अभिनेत्री मीनू मुनीर ने 4 एक्टर्स पर लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप

**कोच्चि।** मलयालम सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मीनू मुनीर ने सोमवार को एम. मुकेश समेत 4 एक्टर्स के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए। हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं के उत्पीड़न के चौंकाने वाले खुलासों का सामना कर रहे फिल्म उद्योग में इससे और खलबली मच गई है। अभिनेत्री ने माकपा के विधायक मुकेश के खिलाफ भी आरोप लगाए गए।



बहरहाल, कोल्लम के विधायक ने अभी इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता वीडी सतीसन ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य की वाम सरकार मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने वालों को बचाने की कोशिश कर रही है।

**दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति और क्वाड सहित अन्य वैश्विक मंचों पर सहयोग की समीक्षा की**

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम से की टेलीफोन पर बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए अंतरराष्ट्रीय माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस से टेलीफोन पर बातचीत की।



दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों से जुड़े सहयोग का जायजा लिया। इसमें अमेरिका की अगुवाई वाला चतुष्कोणीय समूह 'क्वाड' भी शामिल है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने दोस्त एंथनी अल्बानीस से बात करके खुशी मिली। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति और क्वाड सहित बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का जायजा लिया। यहां बता दें कि पोलैंड और यूक्रेन की हालिया की गई यात्रा से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ यह बातचीत हुई है।

## लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का ऐलान, गृहमंत्री शाह ने बताए नाम

एजेंसी ▶▶| हिन्दुस्तान

केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि इन जिलों के नाम जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि लद्दाख को समृद्ध बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपने पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है। इससे लद्दाख के लोगों को बेहतर प्रशासन और सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। मोदी सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अवसर उपलब्ध करवाने को प्रतिबद्ध है।



### कारगिल जिला मुस्लिम बहुल

लद्दाख का कारगिल जिला मुस्लिम बहुल है। यहां के लोग आजीविका के लिए सिंधु नदी और कृषि पर निर्भर हैं। लद्दाख ट्रांस हिलाय क्षेत्र में आता है। लद्दाख के लेह में एक मात्र हलाई अड्डा है। इसका नाम कुशोक बकुला रिम्पोची एयरपोर्ट है। लद्दाख में ठंड के मौसम में भयंकर बर्फबारी होती है। यहां लेह जिले में बौती और कारगिल में हिंदू, उर्दू, पुरखी और अंग्रेजी भाषा बोली जाती है।

## खाटू श्याम में बांवरिया गैंग का आतंक, हो रही है श्रद्धालुओं से लूटपाट

एजेंसी ▶▶| सीकर

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित प्रसिद्ध धर्मस्थल खाटूश्याम मंदिर इलाके से पुलिस ने एक ऐसे गैंग का भंडाफोड़ किया है, जो राह चलते लोगों से लूटपाट करते थे। इस मामले में तीन महिलाओं समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों की माने तो पिछले काफी समय से यह गैंग खाटू श्यामजी जैसे धर्म स्थलों, जहां भीड़ भाड़ ज्यादा रहती हो, वहां श्रद्धालुओं के सामान की चोरी, उनके साथ चैन स्नैचिंग, पॉकेटमारी, अन्य कीमती सामान की चोरी और लूट करने के कार्य में सक्रिय है। पुलिस का कहना है कि पकड़े लोगों का संबंध बावरिया गैंग से बताया जा रहा है।




**गिरफ्तार आरोपियों से अन्य साथियों के बारे में हो रही है पूछताछ : थानाधिकारी** राजाराम ने बताया कि तीन महिला सहित कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनका नाम रजनी पत्नी सुरेंद्र बावरिया,हिस्ट्रीशीटर दीपक बावरिया पुत्र सुरेंद्र बावरिया,रामजीवन बावरिया पुत्र हरचंद बावरिया,मोहनसिंह पुत्र चरण सिंह बावरिया,चांदनी पत्नी मोहन सिंह बावरिया,नरेश बावरिया पत्नी पप्पूलाल बावरिया है।

### गिरफ्तार सभी आरोपी भरतपुर के रहने वाले

*खाटूश्यामजी थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि यात्रियों के साथ हुई वारदातों के संबंध में शिकायत आने के बाद यहां पुलिस टीम लगातार सक्रिय थी। लिहाजा, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिलाओं के गले से चैन तोडने, कीमती सामान चोरी करने आदि मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी भरतपुर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस को इन आरोपियों के पास से कई कटर सहित अन्य वह सामान में मिला है जो लूट व चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देने में सहायक होता है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों को खंगालने की भी कोशिश की जा रही है।*

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### शब्द पहेली - 5614



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**


2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5613 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5625

★☆☆☆☆ सरल



**सूडोकु नवताल - 5624 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# जम्मू-कश्मीर में सीट शेयरिंग का ऐलान

# 51 सीटों पर चुनाव लड़ेगी एनसी, कांग्रेस को मिली 32 सीटें


*जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। गठबंधन के तहत दोनों पार्टियों में सीट शेयरिंग पर सहमति भी बन गई है। इसकी घोषणा सोमवार शाम को कर दी गई है। दोनों पार्टियां 85 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारेंगी। इसके तहत फारूख अब्दुल्ला की नेशनल कान्फ्रेंस 51 सीटों पर तो कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं सीपीआई (एम) और पैंथर्स के खाते में एक-एक सीट देने पर सहमति बनी है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गठंबधन की घोषणा करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सीटों के बंटवारे के लिए कांग्रेस के साथ बातचीत पूरी हो गई है। 90 में से, एनसी 51 सीटों पर और कांग्रेस 32 पर चुनाव लड़ेगी और यह सहमति बनी है कि 5 सीटें फ्रेंडली फाइट के लिए छोड़ी गई हैं। एक सीट सीपीआई (एम) और एक पैंथर्स पार्टी के लिए रखी गई है। इंडिया ब्लॉक भारत को विभाजित करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ने के लिए बनाया गया था। वहीं कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमारे इंडिया ब्लॉक का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को बचाना था। इसलिए एनसी-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर के पीपी के लिए एक दोस्ताना सरकार बनाने के लिए तैयार है। हम एक साथ लड़ेंगे, हम जीतेंगे और हम जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएंगे।

### तीन फेज में होंगे चुनाव

बता दें कि जम्मू-कश्मीर 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। 370 खत्म कर दिये जाने के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित क्षेत्र बना दिया गया था। इसके बाद पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव तीन फेजों में होंगे। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। वहीं 4 अक्टूबर को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।



## हरियाणा में उठ रही चुनावी कार्यक्रम बदलने की मांग

चुनाव आयोग ने हरियाणा में एक अक्टूबर को एक ही फेज में मतदान की तारीख तय की है। भारतीय जनता पार्टी समेत कुछ क्षेत्रीय पार्टियों ने तारीख को बदलने की मांग की है। बीजेपी और आइएनएलडी इस मांग को लेकर इलेक्शन कमीशन को पत्र भी लिख चुकी है। पार्टियों ने अपने पत्र में छुट्टियों का जिक्र कर वोटिंग की तारीख बदलने की मांग की है। हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने लिखे एक पत्र में कहा कि वोटिंग होने से दो दिन पहले और एक दिन बाद छुट्टी है। ऐसे में लोग 30 सितंबर को लेकर छुट्टी लेकर बाहर जा सकते हैं। सिरसा और फतेहाबाद जिलों के ज्यादातर बिश्नोई परिवारों के भी 2 अक्टूबर को वार्षिक मेले में हिस्सा लेने के लिए वोटिंग के दिन बीकानेर जाने की उम्मीद है। इसकी वजह से वोटिंग के प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। अभय सिंह चौटाला ने भी एक सप्ताह के लिए चुनाव स्थगित करने की मांग की है। लोक जनशक्ति पार्टी ने भी इसी तरह का आग्रह किया है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि इलेक्शन कमीशन चुनावी कार्यक्रम में कुछ बदलाव कर सकता है।

### यह है चुनावी शेड्यूल

हरियाणा विधानसभा चुनावी की तारीखों में लगातार बदलाव की मांग उठ रही है। राज्य के चुनाव के लिए इलेक्शन कमीशन ने 16 अगस्त को घोषणा की थी। फिलहाल अभी तक सभी 90 सीटों के लिए एक ही फेज में वोटिंग होनी है। चुनावी कार्यक्रम के मुताबिक, इलेक्शन के लिए 5 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी। नॉमिनेशन फाइल करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर होगी। यहां पर वोटिंग 1 अक्टूबर को होगी। चुनावी नतीजे 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### 'बंटेंगे तो कटेंगे, बांग्लादेश वाली गलती यहां न हो'

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है।



राष्ट्र तब सशक्त रहेगा, जब हम एक रहेंगे-नेक रहेंगे। बंटेंगे तो कटेंगे। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश वाली गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुगल बादशाह औरंगजेब को दुष्ट बताते हुए कहा कि उसका संबंध भी इसी आगरा से था।

### 17 निजी अस्पतालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज


**हैदराबाद।** अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारियों ने सोमवार को तेलंगाना के 17 निजी और कॉर्पोरेट अस्पतालों में व्यापक छापेमारी की, जिसमें मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) के लेन-देन में अनियमितताएं सामने आईं। राज्य सरकार के निर्देश पर सीआईडी ने पिछले एक दशक में सीएमआरएफ आवेदनों में महत्वपूर्ण विसंगतियों का पता लगाने के बाद छापेमारी शुरू की।

## यूक्रेन का रूस पर बड़ा अटैक

# 38 मंजिला इमारत में 9/11 जैसा हमला, दहल उठा पुतिन का मुल्क

एजेंसी ▶▶| मास्को

रूस में सोमवार को अमेरिका के 9/11 जैसा अटैक हुआ है। यहां की एक 38 मंजिला हाईराइज बिल्डिंग पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला कर दिया। यूक्रेनी ड्रोन उड़ता हुआ सीधे बिल्डिंग में जा घुसा। ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सारातोव शहर की सबसे ऊंची 38 मंजिला इमारत वोल्गा स्काई में हुई। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो के मुताबिक, एक ड्रोन उड़ता दिख रहा है, वह सीधा 38 मंजिला हाईराइज बिल्डिंग में घुस गया और आग लग गई। बिल्डिंग के शीशे टूटने की वजह से नीचे खड़ीं 20 से ज्यादा गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं।



### दो शहरों को बनाया निशाना

मॉस्को के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि रूस के सारातोव क्षेत्र के 2 प्रमुख शहरों में सोमवार को यूक्रेन ने कई ड्रोन हमले किए थे। इसमें एक महिला समेत 2 लोग घायल हो गए और एक घर क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय गवर्नर रोमन बसुरगिन ने टेलीग्राम पर बताया कि रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया, जिसके मलबे से सारातोव शहर में एक आवासीय परिसर क्षतिग्रस्त हो गया।

### 2001 में अमेरिका में हुआ था हमला

बता दें कि 9/11 आतंकी हमला अमेरिका में 11 सितंबर 2001 में हुआ था। इसमे अमेरिका के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जाता है। इस हमले में गगनचुंबी इमारतों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 3000 लोग मारे गए थे। आज रूस में भी इसी तरह से बिल्डिंग पर ड्रोन ने अटैक किया तो 9/11 हमले की याद आ गई। अमेरिका में अल कायदा के आतंकवादियों ने 4 विमानों को हाईजैक कर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और पेंटागन में टकरा दिए थे।

### आधी बिल्डिंग को पहुंचा नुकसान

क्षेत्रीय गवर्नर रोमन बसुरगिन ने कहा कि गंभीर हालत में एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार यूक्रेनी सेना ने रूस के सारातोव की सबसे ऊंची बिल्डिंग को अपना निशाना बनाया और ड्रोन दागे. यूक्रेन की सेना का ड्रोन सारातोव की एक रिहाइशी इमारत से टकराया। इस हमले में आधी बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा है और एक महिला इस हमले में बुरी तरह से घायल हो गई। महिला का इलाज जारी है और डॉक्टर उनकी जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### रूस ने किया पलटवार 100 मिसाइलों और ड्रोन से किया हमला

*यूक्रेनी हमले के बाद रूस की सेना ने भी पलटवार करते हुए यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इस दौरान मुख्य रूप से एनर्जी के आधारभूत ढांचों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। यह हमला रविवार मध्य रात्रि के आसपास शुरू हुआ और सोमवार भोर तक जारी था। यह पिछले कुछ सप्ताह में सबसे बड़ा हमला प्रतीत होता है। यूक्रेन के पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों की ओर रूसी ड्रोन के कई समूह बढ़ रहे थे। इसके बाद कई क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी गईं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने देश पर रूस की ओर से रातभर और सुबह की गई बमबारी की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक मिसाइलों और करीब 100 शाहिद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। यूक्रेन के नेता ने कहा कि कुछ लोगों की मौत हुई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं।*

## किसानों पर विवादित बयान के बाद भाजपा ने जताया ऐतराज

# 'कंगना को पार्टी के नीतिगत मुद्दों पर बोलने की इजाजत नहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान किसान आंदोलन को लेकर विवादित बयान दिया था। उनके इस बयान के बाद विपक्ष ने जमकर बीजेपी पर निशाना साधा और कंगना के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की।



विवाद बढ़ता देख अब पार्टी ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कंगना द्वारा की गई टिप्पणी पर ऐतराज जताया है और कहा है कि कंगना को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई भी बयान भविष्य में न दें। दरअसल, कंगना रनौत ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। कंगना रनौत के इस बयान पर विपक्ष लगातार हमलावर है। कांग्रेस ने कंगना पर एनएसए के तहत एक्शन लिए जाने की मांग की है। वहीं, बीजेपी ने भी कंगना के इस बयान से किनारा करते हुए कहा कि ये उनका निजी बयान है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। कंगना के विवादित बयान पर बीजेपी के केंद्रीय मीडिया विभाग की ओर से ऑफिशियल बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है, "भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी मत नहीं है। पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए कंगना रनौत को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं। बीजेपी की ओर से कंगना रनौत को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें।"

### कांग्रेस ने उठाए थे सवाल

विपक्षी दलों ने कंगना के इस बयान पर निशाना साधा। पंजाब के कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राज कुमार वेरका ने कंगना रनौत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और एनएसए के तहत एक्शन लेने की मांग की है। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि कंगना ने पंजाब और किसानों को बदनाम किया है। ऐसे में उन्हें डिब्रूगढ़ जेल भेजा जाना चाहिए। वेरका ने कहा कि आए दिन कंगना पंजाब के नेताओं और किसानों पर सवाल उठाती हैं। उनपर एक्शन लिया जाना चाहिए।

# पाकिस्तानी सेना पर बलूच विद्रोहियों का बड़ा हमला, हाईवे बंद कर 38 पंजाबियों को भूना



## ऑपरेशन हेरोफ से लिया बुग्ती का बदला

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने भीषण हमला किया है। अपने नेता नवाब बुग्ती की बरसी पर बलूच विद्रोहियों ने कम से कम 38 पंजाबियों को ट्रकों और बसों से उतारकर उन्हें भून डाला।

बताया जा रहा है कि बलूच लिबरेशन आर्मी के हथियारबंद सदस्यों ने इन गाड़ियों को रोका और उनके पहचान पत्र देखने के बाद पंजाबी मूल के लोगों को भून डाला। यह घटना बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में हुई। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक मारे गए सभी लोग पंजाब प्रांत के थे। यह घटना मुसाखैल जिले में हुई है। वहीं बीएलए ने एक बयान जारी करके दावा किया है कि मारे गए लोगों की संख्या 62 है। बीएलए ने बताया कि नागरिकों के कपड़े पहनकर जा रहे पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतारा गया है। बलूचों ने 10 गाड़ियों को आगे के हवाले कर दिया। बता दें कि बलूचों ने अपने नेता नवाब बुग्ती की याद में यह हमला किया है जिनकों तानाशाह परवेज मुशर्रफ ने मिसाइल हमला करके मरवा दिया था।

### यह कहा पाकिस्तानी मीडिया ने

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने बसों से यात्रियों को उतारकर और उनके पहचान पत्र देखने के बाद कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया में सोमवार को आयी खबरों के अनुसार, यह घटना बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में हुई। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, मूसाखेल के सहायक आयुक्त नजीब ककार ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने राराशम इलाके में एक अंतर-प्रांतीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और बसों से यात्रियों को नीचे उतारा। मृतकों की पहचान पंजाब प्रांत के निवासियों के रूप में की गयी है।

### बीएलए ने 62 सैनिकों को मारने का किया दावा

बीएलए ने दावा किया है कि उसने अपने ऑपरेशन हेरोफ के तहत 62 पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों को मार दिया है। उसने बताया कि यह ऑपरेशन हेरोफ पूरे बलूचिस्तान में चलाया जा रहा है। बीएलए ने कहा है कि ये मारे गए पाकिस्तानी सुरक्षार्मी आम नागरिकों के कपड़े में बस में यात्रा कर रहे थे और इसी वजह से उनकी पहचान करके मारा गया है। बलूचों ने एक रेलवे ब्रिज को भी उड़ा दिया है। हथियारबंद लोगों ने 10 वाहनों को भी आग लगा दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को अस्पताल ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गयी।

## दिल्ली में अमित शाह से हुई मुलाकात के बाद फैसला

# चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में होंगे शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने पर मुहर लग गई है। वह 30 अगस्त को आधिकारिक रूप से पार्टी की सदस्यता लेंगे. दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने पर फैसला हुआ। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की है। हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और चंपाई सोरेन की मुलाकात की तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, "झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हमारे देश के प्रतिष्ठित आदिवासी नेता चंपाई सोरेन जी ने कुछ समय पहले माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे आधिकारिक तौर पर 30 अगस्त को रांची में बीजेपी में शामिल होंगे।

## बारसूर में था पदस्थ

# सीआरपीएफ जवान ने एके-47 से खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

जिले के बारसूर सातधार में पदस्थ सीआरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल ने एके-47 से गोली चलाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की दोपहर यह घटना हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना बारसूर क्षेत्रांतर्गत सीआरपीएफ 195 बटालियन मुख्यालय बारसूर में सीआरपीएफ सी कंपनी में पदस्थ हेड कांस्टेबल विपिन्द्र चन्द्र पिता भैरब दत्त सुबह लगभग 10:30 बजे अपने बैरक में गया। जहां उसने एके 47 स्वचालित रायफल को निकाल कर खुद पर फायर किया। चलाई गई गोली जवान के गले पर लगी। गोली चलने की घटना से कैम्प में खलबली मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही ईलाज के लिए जवान को तत्काल जिला अस्पताल दंतेवाड़ा ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रकरण में मृतक जवान के परिजनों को सूचित किया गया है। मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक उत्तराखंड का रहने वाला था।



■ सीआरपीएफ में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत था

## पुलिस ने लिया आठ को हिरासत में

# भीलवाड़ा में मंदिर के सामने 'गाय की पूंछ' फेंकने से बढ़ा तनाव

एजेंसी ▶▶| भीलवाड़ा

राजस्थान के भीलवाड़ा में रविवार को हनुमान मंदिर के बाहर गाय की कटी पूंछ मिलने की घटना ने शहर में तनाव के परिणामस्वरूप हिन्दू संगठनों की पुलिस प्रशासन के साथ वार्ता हुई। इस वार्ता में पुलिस ने आठ संदिग्धों को डिटेन करने की जानकारी दी। इस सूचना के बाद हिन्दू संगठनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया, लेकिन शहर में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजन दुष्यंत ने हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई वार्ता में बताया कि पुलिस ने मंदिर के आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। इस जांच के आधार पर दो व्यक्तियों के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के संकेत मिले हैं। कुल आठ लोगों को डिटेन किया गया है। एसपी ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### ये है मामला

उल्लेखनीय है कि रविवार को बडला चैराहा से भवानी नगर के बीच स्थित वीर हनुमान मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक गाय की कटी हुई पूंछ मिली और गाय भी लहूलुहान हालत में पाई गई। इस घटना ने स्थानीय लोग और हिन्दू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुट गए।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17/09/2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 134150700011772, 134150730013605, 3627, 3666, सदर बाजार धमतरी, 131990700011217, दुर्ग, चारोदा स्क्वेयर भिलाई, 134110700018330, 8331, 8336, 8374, 8442, 8451, 8462, 8477, 8479, 8500, 8939, 134110730024898, 4899, 4911, 4930, 4939, 4953, 5043, 5071, 5072, 134110750000017, चौहान एस्टेट, 115880700024587, 4977, 115880730029436, 9437, 9445, 9493, 9508, 9516, 9522, 9594, 9679, 9680, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, 112310700024000, 4009, 112310730040383, 0503, 0620, 0637, कृष्णा थियेटर रोड, 125930700023389, 3407, 3421, 3433, 3448, 3453, 3471, 3475, 3480, 125930730020379, 0381, 0382, 0403, 0428, 0429, 0433, 0445, 125930780000173, महाराजा चौक, 116770700015436, 5452, 116770730017048, 7098, 7172, 7362, मालवीय नगर चौराहा, 116610700017108, 7125, 7212, 116610730030731, 0745, 0746, 0825, 0894, 116610780000112, नेहरू नगर भिलाई, 125780700020425, 0433, 0469, 0481, 0490, 0510, 0521, 125780730022296, 2402, 125780780000120, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 126220700015680, 126220730014378, 4379, 4393, 4401, 4435, 4452, 4453, 4503, पावर हाउस चौक भिलाई, 134030700034140, 4311, 4526, 4531, 4559, 4572, 4574, 4588, 4666, 4669, 4671, 4689, 134030730035538, 5547, 5548, 5549, 5551, 5579, 5587, 5588, 5645, 5652, 5694, 5711, 5713, 5729, 5746, 5772, 5800, 5828, 5870, संतराबाडी , 112610700017584, 7669, 7676, 7689, 7700, 7728, 7761, 112610730018034, 8043, 8044, 8045, 8061, 8101, 8114, 8126, 8128, स्मिति नगर भिलाई, 115830700017704, 7705, 7706, 7707, 7708, 115830730013246, 3247, 3297, 3312, 3332, 3336, महासमंद, बस स्टैंड महासमुंद छत्तीसगढ़, 129980700021293, 1312, 1357, 1359, 1412, 129980730023870, 3888, 4034, सरायपाली छत्तीसगढ़, 138490700002375, 2399, 2434, 2727, 138490730003137, 3144, रायपुर, अश्वनी नगर रायपुर, 131360700015881, 5884, 131360730021097, 1117, 1179, 1189, 1243, 3594, बडाईपाडा, 113640700014186, 113640700022530, 2531, 2544, 2546, 113640730007498, 8279, 8280, 8281, 113640730020196, 0581, 0592, 0658, 0675, 0684, 0694, बनपुरी, 114590700027154, 7196, 7215, 7245, 114590730018163, 8195, 8273, 8295, 8331, बंसताल रायपुर, 124250700009370, 9398, बुधापारा रायपुर, 124430700028252, 8284, 8287, 8288, 8289, 8291, 8315, 8318, 8325, 8328, 8332, 8385, 8401, 124430730023753, 3758, 3776, 3804, 3822, 3886, 3947, 124430750000002, देवेंद्रनगर रायपुर, 124680700014420, 4432, 4475, 124680730017178, 7204, 7207, 7208, कटोरा तालाब रायपुर, 131700700015231, 5572, 5678, 5703, 131700730013134, 3173, मोवा रायपुर, 129340700017411, 7469, 129340730021911, 1912, 1917, पचपेड़ीनाका चौक रायपुर, 128700700017815, 7909, 7938, 7940, 7941, 7948, 128700730019526, पंडरी रायपुर, 114140700021658, 1660, 1673, 1717, 1751, 114140780000104, सदार बाजार भतापरा, 134460700010708, 0720, 0783, 134460730008474, 8509, संतोषी नगर रायपुर, 131480700019886, 9897, 9899, 9969, 131480700020015, 0023, 0032, 0033, 131480730024761, 4794, 4812, 4923, 4932, तेलीबंधा रायपुर, 123840700026054, 6083, 6154, 6166, 6173, 6189, 6196, 6197, 6202, 6203, 6235, 6236, 6240, 6247, 6264, 6284, 123840730022633, 2720, 2745, 2774, 2784, 2817, 2871, 123840780000108, राजनंदगाव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 133670700011327, 133670730082728, 4400, 4417, 4446, लालबाग राजनंदगाँव, 133880700017587, 7645, 7697, 7709, 7712, 7715, 7717, 7734, 7774, 7813, 133880730039694, 9695, 9696, 9747, 9760, 9861, 9874, 9897, 9949, 9988, 9991,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:– इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/– नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# खेतों से गायब हो रहे पंप के केबल, झटका मशीनें, गिरोह का काम

## रायपुर पुलिस अलर्ट, पड़ोसी जिला दुर्ग के धमधा में एक महीने में 20 से ज्यादा वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

धमधा, नंदनी इलाके के गांवों में केबल चोर गिरोह ने कोहराम मचा रखा है। चोरों ने महीनेभर में 20 से अधिक जगहों से कृषि पंपों के केबल और मवेशियों से सुरक्षा के लिए लगाई गई इलेक्ट्रिक फेंसिंग मशीनों पर हाथ साफ कर दिया। कुछ की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन गिरोह अब तक बेखौफ है। असरनारा में रविवार रात ही एक और मशीन चोर उठा ले गए। इधर, रायपुर पुलिस ने अलर्ट रहने का दावा किया है, लेकिन फिर यहां दो मामले दर्ज हुए हैं, इसके आरोपियों का भी अभी अता-पता नहीं है। गौरतलब है कि दुर्ग जिले के अमलेश्वर तथा पाटन थाना क्षेत्र के खेतों से मोटर पंप के तार चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था। घटना में शामिल एक आरोपी रायपुर निवासी था। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को बताया था कि उन लोगों ने जिन अलग-अलग जगह तार चोरी की घटना को अंजाम दिया था, उन तारों को रायपुर के दीपक परपानी नामक कबाड़ी के पास बिक्री किया था। दुर्ग पुलिस को आशंका है कि इस बार भी चोर गिरोह द्वारा जो चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, वो चोरी के वायर को रायपुर अथवा आसपास के अन्य शहरों में खपा रहे हैं।

### कॉपर के लालच में करते हैं चोरी

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक खेतों के मोटर पंप से तार चोरी करने वाले गिरोह तार में लगे कॉपर निकालने के लालच में तार चोरी करते हैं। तार चोरी करने के बाद बदमाश तार को जलाकर उसमें लगे कॉपर को निकाल लेते हैं। इसके बाद उस कॉपर को कबाड़ी के पास बेच मोटी कमाई करते हैं। कबाड़ी कॉपर को सवा से डेढ़ सौ रुपए किलो के बीच खरीदते हैं।



### तरीघाट तक सक्रिय

मोटर पंप से तार चोरी करने वाला गिरोह अमलेश्वर, पाटन में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद धमधा इलाके में सक्रिय है। इसके पूर्व चोर गिरोह दुर्ग जिला के तरीघाट में कई किसानों के खेतों से मोटर पंप में लगे तार चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मुजगहन पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### रायपुर में दो घटनाएं घटित हो चुकीं

मोटर पंप से तार चोरी करने वाला गिरोह रायपुर में भी सक्रिय है। चोर गिरोह खमतराई तथा विधानसभा थाना क्षेत्र के खेतों में लगे मोटर पंप से तार चोरी की दो घटना को अंजाम दे चुका है। एक मामले में आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि एक अन्य मामले के आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। राजधानी में दो चोरी की घटना सामने आने के बाद आउटर तथा ग्रामीण थाना क्षेत्र की पुलिस को अलर्ट रहने अफसरों ने हिदायत दी है।

# हत्या के आरोपी की आजीवन कारावास की सजा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सोमडू वेत्ती की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा, जिसे बस्तर जिले में सुखो वेत्ती की हत्या का दोषी पाया गया था। हाईकोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर निचली अदालत के फैसले की पुष्टि की। यह मामला 25 जून, 2020 की घटना से संबंधित है, जब जमीन को लेकर हुए विवाद में आरोपी सोमडू वेत्ती, उसका फरार भतीजा तुलाराम वेत्ती और मृतक सुखो वेत्ती शामिल थे। प्रारंभिक विवाद में गाली-गलौज और मामूली मारपीट हुई, जो उस रात घातक हमले में बदल गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, दोनों आरोपियों ने सुखो पर हमला किया, जिसमें तुलाराम ने उसका गला दबाया और सोमडू ने उसके पैर पकड़े, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में सुखो वेत्ती को गिरफ्तार किया गया था। जिला कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील के दौरान सुखो वेत्ती की ओर से कहा गया कि मामला केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है और कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है। हाईकोर्ट ने इस अपील को खारिज करते हुए आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी है।

# छह महीने अंतरिक्ष में क्या करेंगी सुनीता? ये बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है नासा




नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर दो महीने से अधिक बीत जाने के बाद भी अंतरिक्ष में मौजूद हैं। अब दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी फरवरी 2025 में होगी।

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

बोइंग स्टारलाइनर उनको लेकर अंतरिक्ष में गया था। बोइंग के स्टारलाइनर की यह पहली उड़ान थी। दोनों का यह मिशन सिर्फ आठ दिन का था, लेकिन अब दोनों अभी 6 महीने और अंतरिक्ष में रहेंगे। बोइंग स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को टाल दिया गया। अंतरिक्ष यान बोइंग स्टारलाइनर 5 जून को सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर को लेकर अंतरिक्ष में गया था।

अंतरिक्ष यान में खराबी आने के बाद दोनों अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में मौजूद हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया कि अब दोनों एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल से वापस आएंगे। अब सवाल है कि आखिर दोनों अंतरिक्ष यात्री छह महीने अंतरिक्ष में क्या करेंगे?





सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर मेहमान के तौर पर गए थे, क्योंकि दोनों वर्तमान में अंतरिक्ष स्टेशन के आधिकारिक कर्मचारी नहीं है। नासा की तरफ से बताया गया है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री दूसरे अंतरिक्ष यात्रियों के साथ मिलकर स्पेस स्टेशन के हर दिन होने वाले कामों को पूरा कर रहे हैं। हालांकि, अब उम्मीद है कि विलियम्स और विल्मोर को एक पूर्णकालिक अभियान सदस्य बनाया जाएगा। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का क्रू-9 मिशन 24 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। इसमें दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन में जाएंगे।

### क्रू सदस्यों की तरह करेंगे काम


विलियम्स और विल्मोर क्रू-9 और औपचारिक अभियान में शामिल होंगे। इसके बाद बाकी क्रू सदस्यों की तरह काम करेंगे, जो वो करते हैं। अंतरिक्ष स्टेशन के बाहर स्पेसवॉक करना, आईएसएस का मेंटीनेंस और वैज्ञानिक प्रयोग करना जैसे कार्य करेंगे। सुनीता विलियम्स और विल्मोर अभी छह महीने और अंतरिक्ष में रहेंगे। हालांकि, दोनों पहले से ही क्रू सदस्यों की की काम में मदद कर रहे हैं। नासा ने बताया कि दोनों अभी तक के अपने समय का अंतरिक्ष स्टेशन के रखरखाव, हार्डवेयर के निरीक्षण, कार्गो व्यवस्थित करने में इस्तेमाल किया है। दोनों अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन में अलग-अलग कार्य कर रहे हैं।

# पहाड़ों से घिरा आलीशान घर बिकने को तैयार



अंदर का नजारा देख फटी की फटी रह जाएंगी आंखें!

न्यूयार्क। हर इंसान चाहता है कि उसका घर हो, जहां वो अपने परिवार के साथ जिंदगी गुजारे। जब घर की चाहत होती है, तो फिर साथ ही ये भी चाहत हो जाती है कि उसका लुक, डिजाइन, अंदर के इंटीरियर भी कमाल के हों, जहां रहने पर गजब का एहसास हो, घर को एक बार देखें तो देखते रहें। पर उसके लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। इन दिनों एक घर काफी चर्चा में है जो बेहद खूबसूरत है। अंदर का नजारा देखकर तो आपकी आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। मगर, उसकी कीमत इतनी ज्यादा है कि सुनकर ही आप हिल जाएंगे। कीमत ज्यादा होने का कारण है एक चट्टान, जो इस घर के चारों ओर घिरा हुआ है।



### अंदर से बेहद खूबसूरत है घर

लार्क्सपर में स्थित ये 2 बेडरूम का मकान आपको पाषाण युग की याद दिला देगा, जब इंसान पत्थरों से घर बनाता था। एक फेमस कार्टून भी पहले आता था, जिसमें ऐसे ही लोगों को दिखाया जाता था जो पाषाण युग में रहा करते थे। इस प्रोपर्टी को लोग देवताओं का बगीचा बोल रहे हैं, क्योंकि आसपास के लाल पहाड़ों, पेड़-पौधों के बीच बना ये मकान बेहद खूबसूरत नजर आता है।

### 8 करोड़ रुपए से अधिक है घर की कीमत

घर में जब आप अंदर घुसेंगे तो आपको दिखाई देगा कि चट्टानों को घर के अंदर भी स्थान दिया गया है। यानी कहीं-कहीं पर दीवारें नहीं हैं, बल्कि चट्टान को ही दीवार की तरह प्रयोग किया गया है। चट्टानों के पास से ही सीढ़ियां घर के ऊपर की ओर भी जाती हैं। अब सवाल ये उठता है कि इस घर की कीमत कितनी है। जब लोकेशन इतनी कमाल की है, अंदर का नजारा होश उड़ा देने वाला है, तो फिर कीमत भी हैरान करने वाली ही होगी। इस घर की कीमत 8 करोड़ रुपयों से ज्यादा है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**कारवाशिंग मैन**

आवश्यकता है- DS कार वाशिंग एण्ड कार केयर में वाशिंग मैन एवं हेल्पर, मिस्त्री लड़कों की आवश्यकता है। वेतन- योग्यतानुसार संपर्क करें- जगन्नाथ चौक कोटा गुढ़ियारी रोड रायपुर मो. 7089829272 (RO-6467)

**रिसेप्शनिस्ट**

आवश्यकता है- क्लिनिक रिसेप्शन संभालने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है 10वीं 12वीं पास, हिसाब करना आना चाहिए, फ्रेशर स्टाफ की आवश्यकता है, पता - गोवर्धन होम्योपैथी एंड कॉस्मेटोलॉजी क्लिनिक पुराना राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ +91 7470833033. (RO-398)

हरिभूमि

**टेकेदार/वेल्डर**

आवश्यकता है- सपना इण्डस्ट्रीज में ट्रेक्टर ट्राली बनाने हेतु ट्राली ठेकेदार एंव 2 वेल्डर कि आवश्यकता है। पता भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं.-1 रायपुर छ.ग. संपर्क करें- 94252-08090.(RO-6462)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड होलसेल कपड़ा दुकान में कार्य हेतु अनुभव/बिना अनुभवी लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क वैभव ट्रेडिंग कंपनी R-6/7 होलसेल मार्केट पुलगांव दुर्ग 8818840800 संपर्क समय 11से 5 तक (आरो नं - 270)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्कता है संपर्क करे नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मो. 9300188811 (RO-4447)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-398)

आवश्यकता है- थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम हेतु लड़के की अनुभवी/ बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार वायोडाटा सहित मिलें। महेश फैब्रिक्स, जैन ज्योति काम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर मो. 9752022866, 7415842111 (RO-4445)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है । संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 88159 95939, 8818833330. (RO-15)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+बोनस ट्रेनिग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा गोल चौक DDU नगर रायपुर +91 7417779219. (RO-6466)

आवश्यकता है- आफिस के सम्पूर्ण कार्य हेतु कुशल अनुभवी युवक/ युवती एवं, कार ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- अरिहंत फाइनेंस गणेश राम नगर मालवीय रोड रायपुर 7974434700 मिलने का समय 3 से 6 (RO-1744)

**कुक/वेटर/केप्टन**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी कैप्टन व इंडियन कुक की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करें। होटल विनार लिंक 1- जय स्तंभ चौक- मो- 9713577672 रायपुर (RO-6460)

आवश्यकता है- इंडियन कुक-2, तंदुरी-2, किचन हेल्पर-2, वेटर-2, केप्टन-2, सफाईकर्मी-2, (महिला/पुरूष) की आवश्यकता है। पता-द गोल्डन ढाबा रायपुर-बिलासपुर हाईवे नियर टोल प्लाजा तरपोंगी । संपर्क करें:-मो.- 98271-66974, 95222-17771.(आरो न.-568)

**धरेलू कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- घर में कार्य करने के लिए एक अनुभवी महिला और एक अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। जिसे 5 वर्ष का अनुभव हो रहने की सुविधा वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- 9425207767, 7003707354, 9238677911. (RO-6459)

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सरोना, टाटीबंध, चंदनडीह, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुरक्षागार्ड एवं सुपरवाइजर अथवा कटोरा तालाब हेतु सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- 9981144486.(RO-6464)

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 10000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.(RO-2955)

**ऑपरेटर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- उरला बिरगांव में कार्य हेतु आवश्यकता- फ्लेक्सों ऑपरेटर+ कटिंग मशीन ऑपरेटर+ सुपरवाइजर पता- अशोक एंटरप्राइजेस उरला बिरगांव रायपुर मोबाइल 8770676924 संपर्क सुबह 10 से शाम 5 बजे तक (RO-4448)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000/- महीना योग्य उम्मीदवार को ज्यादा वेतन संपर्क करें वायर हाउस जवाहर नगर एम.जी. रोड रायपुर(RO-1228)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-2956)

आवश्यकता है- रिटेल फुटवियर शो रूम में कार्य करने हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल एवं हेल्परो की आवश्यकता है। केवल फुटवेयर लाइन के अनुभवी ही संपर्क करें:- लखानी शू एम्पोरियम, रेलवे स्टेशन के सामने, रायपुर, 8965950000. (RO-397)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

हरिभूमि क्लासीफाईड

REQUIRED- PARSHURAM EXPORT'S LOOKING FOR YOUNG . DYNAMIC BOYS AND GIRLS. WITH GOOD ENGLISH SPEAKING AND COMPUTER KNOWLEDGE .SALARY - 15.P.M CONTCET- 7400779954 ,145- DHILION COMPLEX SURELA BHILAI (आरो न.-562)

**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

बेचना है - पूर्व मुखी छोटा कमर्शियल प्लाट 12600 वर्गफिट बेचना है साइज 52×241 पुराना धमतरी हाइवे रोड मे कल्पवृक्ष जैन ब्रिक्स के सामने ग्राम छछानपैरी, रायपुर कृपया दलाल सम्पर्क ना करें 9752473779. (RO-35182)

**जमीन**

जमीन खरीदना है- दुर्ग नगर से 50-60 किलोमीटर के अंदर, खेती योग्य, डामर रोड टच, सस्ती जमीन खरीदना है। संपर्क 9039619131.(आरो नं-6370)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- होटल, ढाबा किराए से देना है। पता:- रायपुर- बिलासपुर हाईवे नियर टोल प्लाजा तरपोंगी । संपर्क करें - मो.- 98271-66974, 95222-17771. (आरो न.-567)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD
15 जुलाई 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| HEALTH CARE | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या
हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की सभावना है । यौन समस्या : इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूद बूद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# ‘बॉक्स ऑफिस के आंकड़े मेरे लिए रखते हैं मायने’

**नई दिल्ली।** कबीर खान के डायरेक्शन में बनी चंदू चैंपियन जिसमें कार्तिक आर्यन लीड रोल में थे बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही जितनी कि उससे उम्मीदें थीं। लेकिन फिल्म मेकर इससे परेशान नहीं हैं और उनका कहना है कि उन्हें दर्शकों से मिलने वाले प्यार और इससे बनी विरासत की ज्यादा चिंता है। कबीर ने फिल्म को रीप्रेजेंट करने के लिए मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (IFFM) में हिस्सा लेने के बाद मिड-डे के साथ एक इंटरव्यू में बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के खराब परफॉर्मेंस के बारे में बात की। कबीर खान ने जोर देकर कहा कि बॉक्स-ऑफिस के आंकड़े उनके लिए मायने रखते हैं।

लाइफ Style


# सामंथा

## ‘प्यार एक बलिदान है...’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

8 अगस्त को साउथ सुपरस्टार नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य और एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला की सगाई हुई थीं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर अभी भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वहीं, कपल को काफी ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा था।

इसी बीच सगाई के 18 दिन बाद एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु ने ‘दोस्ती’ और ‘रिश्ते’ पर को लेकर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में, सामंथा ने दोस्ती और रिश्तों के नेचर के बारे में एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, ‘बहुत से लोग दोस्ती और रिश्तों को आपस में जुड़ा हुआ मानते हैं और मैं भी इससे सहमत हूं। आप देते हैं। मैं देता हूं। लेकिन, पिछले कुछ सालों में मैंने सीखा है कि कभी-कभी प्यार आपको तब भी देने के लिए मजबूर करता है, जब दूसरा व्यक्ति बदले में कुछ देने की स्थिति में नहीं होता। यह आप देते हैं, मैं देता हूं - तब तक मैं देता हूं, जब तक आप बदले में कुछ देने में सक्षम नहीं हो जाते और इसके विपरीत। प्यार एक बलिदान है। भले ही कुछ समय के लिए संतुलन बिगड़ जाए। उन लोगों के लिए आभारी हूं, जो तब भी देते रहे, जब मेरे पास वापस देने के लिए कुछ नहीं था।’ बता दें कि सामंथा रूथ प्रभु के एक्स हस्बैंड नागा चैतन्य ने गर्लफ्रेंड शोभिता धुलापाला से सगाई कर ली है। जबकि एक्ट्रेस ने साल 2017 में नागा चैतन्य से शादी की थी और अक्टूबर 2021 में कपल ने अलग होने की जानकारी फैंस को दी थी। इसके चलते वह काफी ट्रोल भी हुई थीं।



## हॉलीवुड मसाला




# नेता की बेटी के साथ घूमते दिखे

**लॉस एंजिल्स।** बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज अपने तलाक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 20 अगस्त को जेनिफर ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की थी। दोनों ने शादी के दो साल बाद ही अलग होने का फैसला किया है। इसी बीच बेन एफ्लेक को किक कैनेडी के साथ देखे जाने की खबर सामने आई है। किक कैनेडी, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की बेटी हैं, जो अमेरिकी राजनेता है और कैनेडी परिवार से आते हैं।



# मॉकिंगबर्ड सुनकर आ जाता है रोना...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर रैपर एमिनेम के नए गाने ‘समबडी सेव मी’ को उनके प्रशंसक पसंद कर रहे हैं। एमिनेम की बेटी हेली जेड स्मिथ ने हाल ही में, अपने पॉडकास्ट में अपने पिता के गानों पर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि उन्हें पिता के गाने सुनकर कैसा लगता हैं। हेली जेड स्मिथ ‘जस्ट ए लिटिल शेडी’ नाम से एक पॉडकास्ट चलाती हैं। इसमें उन्होंने कहा कि बड़े होने के साथ-साथ उनका अपने पिता के गाए गानों को सुनना कम हो गया है। हेली ने कहा कि वो बिना आंसू छलकाए ‘मॉकिंगबर्ड’ गाने को नहीं सुन सकती हैं। पिता के नए गाने ‘समबडी सेव मी’ को लेकर भी उनका यही कहना था। हेली ने बताया कि एमिनेम के गाने ‘टेम्परेरी’ और ‘समबडी सेव मी’ में से वो ‘टेम्परेरी’ को सुनकर ज्यादा रोई थीं।



# वेब सीरीज वन पीस में आएंगी नजर...


**नई दिल्ली।** अगर आप हॉलीवुड वेब सीरीज देखने के शौकीन हैं तो आपने नेटफ्लिक्स पर पॉपुलर सीरीज ब्रिजरटन जरूर देखी होगी। 2022 में ब्रिजरटन सीजन 2 में एडविना शर्मा बनकर आई चरित्रा चंद्रन अपनी शानदार एक्टिंग के बल पर जल्द ही मशहूर हो गई हैं। ब्रिटेन के रॉयल परिवारों पर आधारित इस वेब सीरीज में भारत से ब्रिटेन गई एडविना शर्मा वहां जाकर किसी अमीर घराने में शादी करके बसना चाहती हैं। सीरीज में एडविना काफी खूबसूरत लगी थीं और उनकी एक्टिंग के भी काफी चर्चे हुए थे। खबर आ रही है कि चरित्रा चंद्रन जल्द ही नेटफ्लिक्स पर सीरीज वन पीस के दूसरे सीजन में नजर आने वाली हैं। समुद्री डाकुओं की जिंदगी पर बनी इस सीरीज में चरित्र सुपरपॉवर पाइरेट कैप्टन का किरदार निभाने वाली हैं।




# ‘रायन’ को देख छोड़ नहीं पाएंगे सीट

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का साउथ में धमाकेदार आगाज रहा। धनुष ने अपने डायरेक्शन और एक्टिंग से दिल जीत कर रख लिया। लेकिन अब जब ये फिल्म ओटीटी पर आई तो देखने का मौका मिला। फिल्म शुरू जो की तो खत्म किए बिना रिमोट से हाथ हिले ही नहीं। एकदम एक्शन फिल्म जिसमें इमोशंस की ऐसी खुराक पिलाई गई है जो आसानी से गले उतर जाती है। बेशक इस तरह एक्शन और हीरो असल जिंदगी में ना हो, लेकिन धनुष और दुशारा विजयन के जो कैरेक्टर दिखे, उन्हें देखकर जेहन में यही बात आई कि ऐसी बहन हो तो भाइयों की क्या जरूरत! रायन को मिस करना तो कतई नहीं बनता और इसे देखते ही कुछ समय रिलीज हुई विजय सेतुपती की महाराजा फिल्म की याद हो आई।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 14 से एविक्ट हुए आशीष मेहरोत्रा

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी स्टंट शो ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ में आशीष मेहरोत्रा का सफर खत्म हो गया है। अनुपमा सीरियल में पारितोष शाह का किरदार निभाने वाले आशीष की परफॉर्मेंस शो में काफी अच्छी जा रही थी, लेकिन अपने कुछ डरों पर वो काबू नहीं पा सके जिसका खामियाजा उन्हें एविक्शन से भुगतना पड़ा। बीते एपिसोड में आशीष का सामना फियर फंदा एपिसोड से हुआ जिसमें उनकी टक्कर शालीन भनोट और सुमोना चक्रवर्ती के साथ थी। अनुपमा सीरियल के जरिए घर-घर में तोषू के नाम से मशहूर हो चुके आशीष मेहरोत्रा ने स्टंट पूरा करने में सुमोना और शालीन की तुलना में ज्यादा वक्त लिया, जिसके बाद उनके एविक्शन का ऐलान कर दिया गया। रोहित शेट्टी ने जाते-जाते आशीष का उत्साह बढ़ाया। शो में आने के बाद आशीष ने कहा था कि रोहित शेट्टी उन्हें केदार आशीष कहकर पुकारें, ताकि उनके माता-पिता को उन पर फक्र हो। रोहित शेट्टी ने ऐसा किया भी। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि खतरों के खिलाड़ी के बाद क्या फैंस वापस आशीष को अनुपमा सीरियल में देख पाएंगे।

## रुपाली व गौरव मुख्य किरदार हैं, वे शो कैसे छोड़ सकते हैं?

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना के ‘अनुपमा’ शो को छोड़ने की खबर को अब झूठा बताया गया है। दरअसल, पिंकविला में छपी एक रिपोर्ट में शो से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि शो छोड़ने वाली बात महज अफवाह है। इस तरह की जो भी बातें कही जा रही है, वे सभी फर्जी है। बता दें कि रुपाली गांगुली इस शो में अनुपमा और गौरव खन्ना, अनुज का किरदार अदा करते हैं। रिपोर्ट में सूत्र ने कहा है कि रुपाली और गौरव ‘अनुपमा’ के मुख्य किरदार हैं, ऐसे में वे दोनों भला कैसे शो छोड़ सकते हैं।



# कलाकारों ने जन्माष्टमी को लेकर साझा किए अपने विचार

**मुंबई।** सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भारत सहित दुनियाभर में आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सन नियो के कलाकार भी कृष्ण के लिए अपनी भक्ति को व्यक्त करने में पीछे नहीं रहें। अभिनेत्री संगीता घोष, बृंदा दहल और सिद्धि शर्मा ने परंपराओं को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। ‘साझा सिंदूर’ शो में सरोज की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री संगीता घोष ने बताया, ‘बचपन में जन्माष्टमी त्योहार को लेकर मैं बहुत उत्साहित रहती थी, क्योंकि हमारे पास घर पर एक छोटा सा चांदी का झूला था। मैं पूरे उत्साह और प्यार के साथ झूले को फूलों से सजाया करती थी, जिसमें बाल गोपाल को बिठाया करते थे। ‘छठी मैया की बिटिया’ शो में वैष्णवी की भूमिका निभाने वाली बृंदा दहल ने कहा, ‘भगवान कृष्ण मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं हमेशा जन्माष्टमी पर व्रत रखती हूं। मैंने अनुभव किया है कि मैं जब भी परेशान होती हूं या मेरे सामने किसी प्रकार की चुनौती आती है तो भगवान कृष्ण मुझे उसका हल किसी न किसी तरीके से मुझतक पहुंचाते हैं।’ ‘इश्क़ जबरिया’ में गुलकी का किरदार निभाने वाली सिद्धि शर्मा ने कहा, ‘मैं कृष्ण की भक्त हूं, इसलिए मेरे लिए जन्माष्टमी एक विशेष और महत्वपूर्ण त्यौहार है।



# वो कार चोर जो बन बैठा था 40 दिन का जज जूनियर नटवरलाल पर बनने जा रही है फिल्म

**नई दिल्ली।** नटवरलाल का नाम तो आपने सुना ही होगा। वो ही ठग जिसने लाल किला और ताज महल जैसी ऐतिहासिक इमारतों तक को बेचने की कोशिश की। जिसका नाम ही ठगी का पर्याय बन गया का। क्या आप जानते हैं कि नटवरलाल की ही तरह एक जूनियर नटवर लाल भी था। इसी जूनियर नटवर लाल पर अब बॉलीवुड की नजर गई है। श्रीनाथ राजेंद्रन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। वहीं, श्रीनाथ जिन्होंने इससे पहले दुलकर सलमान के साथ कुरुप बनाई थी। श्रीनाथ की फिल्म प्रीति अग्रवाल और चेतन उन्नियाल की किताब मनीराम पर आधारित है।



**फर्जीवाड़े से चार दिन के लिए बना जज :** धनी राम मित्तल ने हद तो उस समय कर दी जब फर्जी दस्तावेज बनाकर वो झज्जर कोर्ट में जज बन बैठा। वो 40 दिन तक जज रहा और उसने लगभग 2000 कैदियों को जेल से रिहा कर दिया था, जिनमें से कई उनके दोस्त और सहयोगी थे। यही नहीं, धनी राम ने हरियाणा के परिवहन विभाग में भी काम किया और खूब फर्जी लाइसेंस बनवाए। इस तरह धनी राम के खिलाफ लगभग 150 केस से ज्यादा केस दर्ज थे। वो 1000 से ज्यादा अपराधों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। धनी राम को 90 से ज्यादा बार गिरफ्तार किया गया था। यही वो वजह है कि धनी राम मित्तल को जूनियर नटवरलाल भी कहा जाता था।

### जूनियर नटवरलाल था कौन?

जूनियर नटवरलाल कहे जाने वाला ये शख्स धनी राम मित्तल था। जिसने 55 साल तक लोगों को ठगने का काम किया। इसने ठगी का धंधा 1969 में शुरू किया और अप्रैल 2024 में आखिरी सांस लेने तक ये ठगी करता रहा। इसको फर्जी दस्तावेज बनाने में महारत हासिल थी। 1939 में हरियाणा के भिवानी में जन्मा धनी राम मित्तल साइंस ग्रेजुएट था। इसने एलएलबी की डिग्री भी कर रखी थी। ऐसे में धनी राम कानून का जानकार था और कारों का शौकीन भी। लेकिन, हर शौक की एक कीमत चुकानी होती है और कीमत चुकाने के लिए उसके पास पैसे थे नहीं। तो उसे इसका तरीका सूझा। ये तरीका चोरी का था। हौसले ऐसे बुलंद की उसने कारें चुरानी के लिए जिस पार्किंग को चुना, वो कोर्ट परिसर में थी।

## कट गया पत्ता तो शराब पीकर डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी को किया परेशान!

# इस एक्टर को मिलने वाला था फिल्म आनंद में राजेश खन्ना वाला रोल

***नई दिल्ली।** 1971 में ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म आनंद ने सिनेमा को एक नया आयाम दिया था। इस फिल्म में कैंसर के मरीज बने राजेश खन्ना ने कमाल की अदाकारी से लोगों को दीवाना बना दिया था। फिल्म में राजेश खन्ना के साथ अमिताभ बच्चन भी थे। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि राजेश खन्ना के किरदार के लिए ऋषि दा पहले धर्मेंद्र को ये रोल सुना चुके थे। धर्मेंद्र ने कहानी सुनकर अपनी हामी भी भर दी थी, लेकिन बाद में इसके लिए राजेश खन्ना को चुन लिया गया। इस बात का जिक्र खुद धर्मेंद्र ने एक रोचक अंदाज में कपिल शर्मा के शो पर किया।*

### जब खफा होकर एक्टर ने ऋषि दा को पूरी रात सोने ना दिया

बॉलीवुड के गोल्डन युग की दास्तान सुनाते हुए धर्मेंद्र ने कपिल शर्मा को बताया कि उस दौर में ऋषिकेश मुखर्जी सबको आउटलाइन सुना देते थे। इससे सबको पता चल जाता था। ऐसे में ऋषि दा ने आनंद की कहानी मुझे सुना दी और ये तक बता दिया कि धरम तुम्हारा रोल ये होगा। हम इस तरह करेंगे और तुम इस तरह आओगे, फिल्म में ये होगा, वो होगा. लेकिन कुछ समय बाद पता चला ये फिल्म राजेश खन्ना के साथ शुरू भी हो गई है। धर्मेंद्र ने शो पर बताया कि फिर मैंने रात में टिका ली (रात को ड्रिंक किया)। इसके बाद रात भर मैंने ऋषि दा को सोने ना दिया। मैंने उनको फोन मिलाकर कहा कि ये रोल तो आपने मुझे दिया था। ये कहानी तो मुझे सुनाई थी। मैं कित्थे गया ऋषि दा. फिर ऋषि दा फोन पर कहते - सो जा धरम सो जा. वो फोन काटते और मैं फिर उनको फोन मिलाता। मैं फोन मिलाकर कहता कि बताओ मेरा रोल उसे क्यों दे दिया। फिर ऋषि दा कहते - सो जा धरम सो जा। इस तरह धर्मेंद्र ने पूरी रात ऋषि दा को जगाकर अपना बदला लिया। धर्मेंद्र की ये बातें सुनकर कपिल शर्मा और उनके शो पर आए मेहमान अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे।



### ऋषि दा के साथ धर्मेंद्र की दो फिल्में रही बेमिसाल

कपिल शर्मा के शो पर धर्मेंद्र अपने बेटे और स्टार सनी देओल और पोते करण देओल के साथ आए थे। सनी और करण भी धर्मेंद्र के इस रोचक किस्से पर अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे। आपको बता दें कि अपने दौर में ढेर सारी हिट फिल्में देने वाले धर्मेंद्र आज भी फिल्मों में बिजी हैं। ऋषिकेश और धर्मेंद्र की बॉन्डिंग की बात करें तो उन्होंने धर्मेंद्र के साथ दो फिल्में की, सत्यकाम और चुपके चुपके। इन दोनों ही फिल्मों में धर्मेंद्र अपने बेस्ट में नजर आए। जहां तक आनन्द की बात है, इस फिल्म के लिए राजेश खन्ना को बेस्ट एक्टर और अमिताभ बच्चन को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला था। चुपके-चुपके वो फिल्म थी जिसके जरिए ऋषि दा ने दिखा दिया था कि धर्मेंद्र केवल एक्शन नहीं, बल्कि शानदार कॉमेडी भी कर सकते हैं।

# बिना वैध खाते की जानकारी दिए दाखिल नहीं हो सकेगा जीएसटीआर-1

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी भुगतान करने वाले जीएसटी टैक्सपेयर्स जो अपना वैलिड बैंक अकाउंट डिटेल्स जीएसटी अथॉरिटी को नहीं सौंपेंगे तो ऐसे टैक्सपेयर्स एक सितंबर 2024 से आउटवार्ड सप्लाई रिटर्न जीएसटीआर-1 नहीं फाइल कर सकेंगे।

- रिजिस्ट्रेशन के 30 दिन के भीतर खाते की जानकारी देना जरूरी

जीएसटी नेटवर्क ने एक एडवाइजरी जारी कर ये बातें कही है। जीएसटी के नियम 10ए के मुताबिक, टैक्सपेयर्स को रजिस्ट्रेशन की तारीख से 30 दिन की अवधि के भीतर वैलिड बैंक खाते का डिटेल्स देना जरूरी है या फॉर्म जीएसटीआर-1 में गुड्स या सर्विसेज या दोनों की बाहरी आपूर्ति का विवरण प्रस्तुत करने से पहले या इन्वॉयस जमा करने की सुविधा (आईएफएफ) का उपयोग करने से पहले दोनों में जो पहले हो उस दौरान बैंक खाते का डिटेल देना जरूरी है।

## जीएसटी नेटवर्क ने जारी की एडवाइजरी, एक सितंबर से होगा लागू

### नियम 10ए में संशोधन को मंजूरी

जीएसटी काउंसिल ने पिछले साल जुलाई में अपनी बैठक में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को मजबूत करने और गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स में फर्जी और धोखाधड़ी वाले रजिस्ट्रेशन की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नियम 10ए में संशोधन को मंजूरी दी थी। इस संशोधन के मुताबिक रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स को रजिस्ट्रेशन प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर या फॉर्म जीएसटीआर-1/आईएफएफ में बाहरी आपूर्ति का विवरण दाखिल करने से पहले अपने नाम और पैन वाले बैंक खाते का विवरण देना आवश्यक होगा।




### विवरण न होने पर अगस्त 2024 का रिटर्न नहीं भर पाएगे

एडवाइजरी में जीएसटीएन ने उन सभी करदाताओं जिन्होंने अभी तक वैध बैंक खाता का विवरण नहीं दिया है उसे कहा गया है कि वे जीएसटी पोर्टल पर जाकर अपने पंजीकरण विवरण में अपने बैंक खाते की जानकारी को जोड़ लें। जीएसटीएन एडवाइजरी के मुताबिक, जीएसटी रजिस्ट्रेशन में वैलिड बैंक खाते के डिटेल्स न होने पर आप अगस्त, 2024 की रिटर्न अवधि से जीएसटीआर-1 या आईएफएफ दाखिल नहीं कर पाएंगे।

### 1 सितंबर 2024 से लागू हो रहा

जीएसटीएन ने 23 अगस्त को जारी एडवाइजरी में कहा, ये नियम एक सितंबर, 2024 से लागू हो रहा है। इसलिए अगस्त, 2024 से आगे की टैक्स पीरियड के लिए टैक्सपेयर्स जीएसटी पोर्टल पर अपने रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में वैलिड बैंक खाते का विवरण दिए बगैर जीएसटीआर-01/आईएफएफ दाखिल नहीं कर पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक ने नियो फॉर मर्चेंट्स ऐप किया लांच

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने वीज़ा और मिंटोक के साथ भागीदारी में मर्चेंट के लिए नियो लांच करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक बैंकिंग समाधानों के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता के लिहाज़ से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अपने उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, बहुमुखी भुगतान स्वीकृति विकल्पों और बेशकीमती व्यावसायिक अंतर्दृष्टि के साथ, नियो फॉर मर्चेंट्स ऐप पूरे देश में मर्चेंट के लिए भुगतान परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है। नियो फॉर मर्चेंट्स ऐप मर्चेंट को भुगतान स्वीकार करने, लेन-देन रिपोर्ट देखने और मोबाइल एप्लिकेशन के ज़रिये सीधे सेवा अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है।

### फोन पे समूह का शुद्ध मुनाफा 197 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट समर्थित फोनपे का वित्त वर्ष 2023-24 का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 197 करोड़ रुपये रहा है। इसमें ईएसओपी लागत शामिल नहीं है। 2022-23 में उसे 738 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का राजस्व 5,064 करोड़ रुपये रहा।

### आरईसी जेएनपीए को वित्त पोषण उपलब्ध कराएगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं को 45,000 करोड़ रुपये तक का वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली आरईसी लिमिटेड प्रमुख गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

### बाजार स्टाइल का आईपीओ 30 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** रेखा झुनझुनवाला समर्थित बाजार स्टाइल रिटेल लिमिटेड ने 835 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 370-389 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि आईपीओ 30 अगस्त को खुलेगा और तीन सितंबर को बंद होगा।


## गवर्नर दास उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोले

# आरबीआई वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने नीतियां बनाने पर काम कर रहा: गवर्नर दास

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक लगातार ऐसी नीतियां, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहा है जो वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे।

आरबीआई@90पहल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में दास ने यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के संबंध में आरबीआई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों का जिक्र किया।



### डीपीआई ने भारत को सक्षम बनाया

डीपीआई को लेकर देश के अनुभव पर उन्होंने कहा, '' डीपीआई ने भारत को एक दशक से भी कम समय में वित्तीय समावेश के ऐसे स्तर को हासिल करने में सक्षम बनाया है, जिसे हासिल करने में अन्यथा कई दशक या उससे भी अधिक समय लग जाता। डीपीआई व्यापक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र में निर्मित बुनियादी प्रौद्योगिकी प्रणालियों को संदर्भित करता है जो उपयोगकर्ताओं तथा अन्य डेवलपर के लिए खुले तौर पर उपलब्ध हैं।

*एआई के गलत इस्तेमाल से बचे : दास ने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी का गलत इस्तेमाल गलत सूचना फैलाने के लिए भी किया जा सकता है, जिससे डीपीआई के साथ-साथ अन्य डिजिटल प्रणाली को गंभीर नुकसान और व्यवधान हो सकता है। वे वित्तीय संस्थानों की प्रतिष्ठा और संचालन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।''*

### यूपीआई प्रणाली एक सस्ता माध्यम

गवर्नर ने कहा कि यूपीआई प्रणाली में सीमा पार धन प्रेषण के उपलब्ध माध्यमों के लिए एक सस्ता तथा त्वरित विकल्प बनने की क्षमता है और '' इसकी शुरुआत छोटे मूल्य के व्यक्तिगत धन प्रेषण से की जा सकती है, क्योंकि इसे शीघ्रता से क्रियान्वित किया जा सकता है।''

### भारत में धन प्रेषण चार फीसदी बढ़ा

संसद में जुलाई में पेश आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारत में धन प्रेषण (जो सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है) 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब अमेरिकी डॉलर और 2025 में चार प्रतिशत बढ़कर 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। दास ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई@100 की ओर बढ़ने की यात्रा को लेकर काफी आशावादी है।

- केंद्रीय बैंक वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू व ग्राहक केंद्रित बनाएंगा
- पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी बदलाव हुआ

### आने वाले वर्षों में बैंकिंग प्रणाली और तेज होगी

गवर्नर ने कहा, '' हम लगातार ऐसी नीतियां, दृष्टिकोण, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहे हैं जो हमारे वित्तीय क्षेत्र को अधिक मजबूत, गतिशील और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे। डीपीआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के विषय पर उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पारंपरिक बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी बदलाव हुआ है। सभी संकेतों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में यह प्रक्रिया और भी तेज हो सकती है।

**बिना किसी बाधा के ऋण उपलब्ध :** बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण की इस यात्रा को जारी रखते हुए, पिछले साल हमने एक प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म का पायलट लॉन्च किया जो बिना किसी बाधा के ऋण उपलब्ध कराता है। अब से, हम इसे यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस कहने का प्रस्ताव करते हैं।''

### यूएलआई प्लेटफॉर्म कई सेवाएं प्रदान करता है

यूएलआई प्लेटफॉर्म विभिन्न डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध तथा सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। इससे ऋण मूल्यांकन में लगने वाला समय कम हो जाता है, खासकर छोटे तथा ग्रामीण उधारकर्ताओं के लिए..।

*एआई तेज सेवाएं देने में सक्षम : गवर्नर दास ने कहा, '' ..शुरुआती चरण से प्राप्त अनुभव के आधार पर यूएलआई को राष्ट्रव्यापी स्तर पर जल्द ही पेश किया जाएगा। कृत्रिम मेधा (एआई) और डीपीआई पर दास ने कहा कि ग्राहकों के लिए एआई अति-वैयक्तिकृत उत्पाद तथा तेज, अधिक प्रासंगिक सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।*

# पेटीएम के सीईओ शर्मा को ईएसओपी आवंटन पर सेबी ने नोटिस भेजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक विकल्पों पर नोटिस जारी किया है।

पेटीएम ने सोमवार को शेयर बाजार को दिए गए जवाब में कहा कि यह नोटिस कोई नया घटनाक्रम नहीं है और वह इस बारे में बाजार नियामक के साथ संपर्क में है। पेटीएम के वित्त वर्ष 2023-24 के वार्षिक परिणामों के मुताबिक, कंपनी ने 2021-22 में शर्मा को 2.1 करोड़ कर्मचारी स्टॉक विकल्प (ईएसओपी) जारी किए थे।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शर्मा को ईएसओपी जारी किए जाने पर पेटीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। पेटीएम ने शेयर बाजार को भेजे जवाब में कहा, यह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के साथ-साथ 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों में इस मामले पर पहले ही प्रासंगिक खुलासे कर दिए हैं।



- कर्मचारी स्टॉक विकल्पों पर नोटिस जारी किया
- पेटीएम ने जवाब में कहा, यह कोई नया घटनाक्रम नहीं

कंपनी सेबी के साथ नियमित रूप से संवाद कर रही है और इस मामले में आवश्यक प्रतिनिधित्व कर रही है।


### वित्तीय परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

कंपनी ने कहा, ''एक स्वतंत्र कानूनी राय के आधार पर प्रबंधन का यह मानता है कि कंपनी प्रासंगिक विनियमों का अनुपालन कर रही है। ऐसी स्थिति में 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 612 अंक उछला, निफ्टी भी 25,000 अंक के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला जल्द शुरू होने की उम्मीदों के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में खासी तेजी दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 612 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ।



कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी से भी बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 611.90 अंक उछलकर 81,698.11 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 187.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 25,010.60 अंक पर पहुंच गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व ने सितंबर में ब्याज दर में कटौती के संकेत दिए हैं। इससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में कमजोरी आई और वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहे, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में गिरावट आई।

# भारत में कारोबार बढ़ाने को उत्सुक है हांगकांग के कैथे कार्गो

एजेंसी ⏭ हांगकांग

हांगकांग स्थित कैथे कार्गो के निदेशक टॉम ओवेन ने कहा कि उनकी कंपनी भारत में विस्तार करने को इच्छुक है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं उनके मालवाहक विमानों को देश के भीतर 'ओपन स्काई पॉलिसी' के तहत कई गंतव्यों के बीच उड़ान भरते समय सफर एक साथ पूरा करने की अनुमति दी जाए। भारत सरकार 'ओपन स्काई पॉलिसी' के तहत कई विदेशी मालवाहकों को सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से परिचालन की अनुमति देती है, ताकि वस्तुओं की आवाजाही में तेजी लाई जा सके और खासकर शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। साक्षात्कार में कहा, 'भारत के लिए 'ओपन स्काई पॉलिसी' एक सकारात्मक पहल है।







# आरबीआई कर्ज वितरण के लिए लाएगी 'यूएलआई'

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण की सफलता से उत्साहित होकर विशेष रूप से छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ऋण का सहज प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत ऋण मंच (यूएलआई) लाने जा रहा है।

पिछले साल, रिजर्व बैंक ने दो राज्यों में आसान ऋण को सक्षम बनाने वाले प्रौद्योगिकी मंच की पायलट परियोजना शुरू की थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा, अब से हम इस मंच को यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) का नाम देने का प्रस्ताव रखते हैं।



- वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण से उत्साहित है केंद्रीय बैंक
- छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लिए ऋण सहज होगा

*अधिक दस्तावेज देने की जरूरत नहीं : आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यूएलआई ढांचा विभिन्न स्रोतों से जानकारी तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 'प्लग एंड प्ले' नजरिये के हिसाब से बनाया गया है। इससे कई तकनीकी एकीकरण की जटिलता कम हो जाती है और कर्ज लेने वालों को बहुत अधिक दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होती तथा उन्हें ऋण की निर्बाध आपूर्ति का लाभ मिलता है।*

*लगने वाला समय कम होगा : दास ने कहा कि यूपीआई एक मजबूत, लागत प्रभावी और पोर्टेबल खुदरा भुगतान प्रणाली के रूप में उभरा है और दुनियाभर में खासी दिलचस्पी पैदा कर रहा है।*

### क्रांतिकारी कदम होगा

यह मंच कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनधन-आधार, यूपीआई और यूएलआई की 'नई त्रिमूर्ति' भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में एक क्रांतिकारी कदम होगी।

### बैंकों द्वारा बढ़ावा दिया गया

दास ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि अप्रैल, 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा पेश की गई वास्तविक समय की भुगतान प्रणाली यूपीआई ने भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनपीसीआई को रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में बैंकों द्वारा बढ़ावा दिया गया था।



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : यशस्वी सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में एकमात्र भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मौजूदा चक्र (2023-25) दिलचस्प हो चला है। भारतीय टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे ऊपर है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है। अगले साल इसका फाइनल होना है और उसमें पहुंचने के लिए सभी टीमें पूरा दमखम लगा रही हैं। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले दो चक्र में भी फाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस साल रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम खिताब पर कब्जा जमाना चाहेगी। इस चक्र में भारत का बोलबाला सिर्फ उनके बल्लेबाजों की वजह से नहीं रहा है, बल्कि गेंदबाजों ने भी उतना ही साथ निभाया है। जब बात इस चक्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की आती है तो शीर्ष छह में भारत का सिर्फ एक ही बल्लेबाज है, जबकि शीर्ष-6 गेंदबाजों में भारत के दो खिलाड़ी हैं।




### यशस्वी ने बनाए 1028 रन

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में सबसे ज्यादा रन इंग्लैंड के जो रूट ने बनाए हैं। उन्होंने 25 पारियों में अब तक 51.22 की औसत से 1127 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। इसके बाद दूसरा स्थान भारत के यशस्वी जायसवाल का है। उन्होंने 16 पारियों में 68.53 की औसत से 1028 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के जैक क्राउली 23 पारियों में 42.78 की औसत से 984 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### शीर्ष पर भारत

भारत का फिलहाल अंक प्रतिशत 68.52 है, जबकि ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 62.50 है। न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 50 है, जबकि इंग्लैंड 41.07 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। श्रीलंका 40 अंक प्रतिशत के पांचवें, बांग्लादेश भी 40 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 38.89 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान 30.56 अंक प्रतिशत के साथ आठवें और वेस्टइंडीज 18.52 अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है।

### डब्लूटीसी अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 6 | 2 | 1 | 74 | 68.52 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 3 | 3 | 0 | 36 | 50.00 |
| इंग्लैंड | 14 | 7 | 6 | 1 | 69 | 41.07 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40.00 |
| बांग्लादेश | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40.00 |
| द.अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 22 | 30.56 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

### सबसे ज्यादा विकेट



वहीं, मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में भारत के दो गेंदबाज हैं। इनमें रविचंद्रन अश्विन के अलावा जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। शीर्ष-6 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं, जबकि इंग्लैंड का एक खिलाड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 51 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क 48-48 विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। नाथन लियोन 43 विकेट के साथ तीसरे और अश्विन 42 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के क्रिस वोक्स 36 विकेट के साथ पांचवें और भारत के बुमराह 31 विकेट के साथ छठे स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### राइडर्स की जीत में चमके हिम्मत और मयंक रावत

**नई दिल्ली।** कप्तान हिम्मत सिंह और मयंक रावत की 66 गेंदों पर 122 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को छह विकेट से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपना विजय अभियान जारी रखा। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 179 रन ही बना पाया। हिम्मत सिंह (नाबाद 85 रन) और रावत (नाबाद 66 रन) के बीच शानदार शतकीय साझेदारी से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की यह लगातार पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

### करारी हार के बाद बदलाव का वादा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की करारी हार के बाद सोमवार को समस्याओं को ठीक करने की बात करते हुए कहा कि बदलाव होने वाले हैं।



शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज और फवद आलम जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने रविवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट से मिली हार के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की।

### अगले ओलंपिक में खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मनप्रीत सिंह 30 साल की उम्र को पार कर चुके हैं लेकिन इस स्टार मिडफील्डर को उम्मीद है कि अगर वह फिट रहते हैं तो लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग ले सकते हैं जो उनका पांचवा ओलंपिक होगा। मनप्रीत अभी 32 साल के हैं और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारत ने उनके कप्तान रहते हुए टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

## सिलेसिया डाइमंड लीग : पोल वॉल्ट स्पर्धा में रचा इतिहास


# डुप्लांटिस ने 6.26 मीटर लगाई कूद साल में तीसरी बार तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| सिलेसिया

अर्मेंड डुप्लांटिस ने रविवार को पोलैंड में सिलेसिया डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान 6.26 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया। लुईसियाना में जन्मे 24 साल के डुप्लांटिस अपनी मां के देश स्वीडन की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हैं। डुप्लांटिस ने अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का सुधार किया। डुप्लांटिस ने इस साल तीसरी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों में 6.25 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पिछला विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

डुप्लांटिस का पहला विश्व रिकॉर्ड भी फरवरी, 2020 में पोलैंड में आया था। उन्होंने कहा- सब कुछ बस मुझे ऐसा करने की अनुमति देने के लिए एक साथ आया। मुझे पता है कि बहुत से लोग मुझे कूदते हुए देखने के लिए यहां आए थे, इसलिए मैं उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। इस साल मैंने ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित किया, रिकॉर्ड स्वाभाविक रूप से आया क्योंकि मैं अच्छी स्थिति में था। इसलिए मैं आज के रिकॉर्ड से हैरान नहीं हूं, लेकिन मैं शुक्रगुजार हूं।






### इंगेब्रिग्त्सेन का शानदार प्रदर्शन

वहीं, इसी साल अपना 1500 मीटर ओलंपिक खिताब गंवाने वाल इंगेब्रिग्त्सेन का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने पेरिस में 5,000 मीटर का खिताब जीता था। सिलेसिया डाइमंड लीग में 3000 मीटर दौड़ में इंगेब्रिग्त्सेन ने 7 मिनट 17.55 सेकंड का समय निकाला और पहले स्थान पर रहे। उन्होंने आश्चर्य में अपने हाथों को अपने चेहरे पर रखकर खुशी जाहिर की। नार्वे के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने केन्या के डेनियल कोमेन के 28 साल के रिकॉर्ड को तीन सेकंड से अधिक समय से तोड़ा।

### अविनाश साबले का खराब प्रदर्शन

भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज के शीर्ष खिलाड़ी अविनाश साबले रविवार को यहां सिलेसिया डाइमंड लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के बीच निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए 14वें सथान पर रहे। एशियाई खेलों के चैंपियन 29 साल के साबले ने आठ मिनट 29.96 सेकंड के समय के साथ 20 धावकों के बीच 14वां स्थान हासिल किया। तीन धावक दौड़ पूरी करने में नाकाम रहे। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के अल बक्काली सोफियान (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) ने रेस जीती जबकि कीनिया के अमोस सेरेम (आठ मिनट 4.29 सेकेंड) और इथोपिया के सैमुअल फिरेवु (आठ मिनट 04.34 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# भारत ने एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में जीता रजत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 की टीम स्पर्धा मरुहाबा कप में चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर रजत पदक जीता। भारत ने शनिवार को एशियाई खेलों में सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद यह रजत पदक जीता। भारत ने रजत पदक हासिल करने के लिए कई मजबूत दावेदारों को पछाड़ दिया।

कमाली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमनी की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल की दूसरी हीट में कुल 32.16 स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया उसी सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में भारतीय टीम ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की और 24.13 के टीम स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। जापान ने 58.40 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता।

### बेंगलुरु एफसी की भिड़ंत मोहन बागान से आज

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री मंगलवार को यहां सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप सेमीफाइनल में मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ बेंगलुरु एफसी की जीत की संभावना के लिए अहम खिलाड़ी होंगे। बेंगलुरु एफसी को गत चैंपियन मोहन बागान से कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मोहन बागान ने सिर्फ 10 गोल नहीं दागे हैं बल्कि शानदार रक्षण से अपने खिलाफ गोल भी नहीं होने दिया है और केवल तीन गोल खाए हैं। बेंगलुरु एफसी ने भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने चार मैच में 11 गोल दागे हैं जबकि उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं।

# पाकिस्तान पर गिरी गाज, गंवाए छह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने रविवार को इतिहास रचते हुए पहली बार टेस्ट में पाकिस्तान टीम को मात दी थी। 2 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया था। बांग्लादेश से हार के बाद पाकिस्तान टीम पर गाज गिरी है।

आईसीसी ने शान मसूद की कप्तानी वाली टीम को कठोर सजा सुनाई है। रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान पाकिस्तान और बांग्लादेश टीम को स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है। पाकिस्तान टीम ने तय समय पर 6 ओवर कम किए थे। ऐसे में मेजबान टीम ने छह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक गंवा दिए हैं। साथ ही बांग्लादेश ने 3 ओवर कम किए थे ऐसे में उनके 3 अंक काटे गए हैं। इतना ही नहीं पाकिस्तान टीम पर मैच फीस का 30% जबकि बांग्लादेश पर 15% जुर्माना लगाया गया।




### टी20 : वेस्टइंडीज 2-0 से अजेय, द. अफ्रीका को 30 रन से दी मात

**तरौबा।** वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए जिनके दम पर उसने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 30 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 अजेय बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 179 रन बनाए। एक समय 14 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। शाई होप ने 22 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 22 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 35 रन का योगदान दिया।

**ब्राउन की ऑस्ट्रेलिया की टीम में वापसी, जेस बाहर :** सिडनी। पांव की चोट से उबर चुकी तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को सोमवार को महिला टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया, लेकिन अनुभवी स्पिनर जेस जोनासेन मौजूदा चैंपियन की टीम में जगह बनाने में असफल रही।




## टूर्नामेंट का आगाज आज, मुंबई और टीएनसीए में होगा मुकाबला

# सूर्यकुमार, श्रेयस और सरफराज पर बुची बाबू टूर्नामेंट में निगाह

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना टेस्ट करियर पटरी पर लाने के लिए बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिसमें उनकी टीम मुंबई मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैच में टीएनसीए एकादश का सामना करेगी।

श्रेयस अय्यर भी मुंबई की टीम का हिस्सा हैं और वह भी सत्र की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। अय्यर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच फरवरी में खेला था। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम का नेतृत्व सरफराज खान करेंगे जिनके लिए सभी शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर के मैच में सभी का ध्यान निश्चित तौर पर सूर्यकुमार पर रहेगा जिन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में खेला था। सूर्यकुमार ने इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।



### दलीप ट्रॉफी के लिए अभ्यास

बुची बाबू टूर्नामेंट सूर्यकुमार और अन्य स्टार खिलाड़ियों के लिए दलीप ट्रॉफी के लिए अभ्यास का काम करेगा। दलीप ट्राफी पांच सितंबर से शुरू होगी। सूर्यकुमार ने अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल दलीप ट्राफी में ही खेला था। तब वह चार पारियों में केवल 71 रन बना पाए थे। सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने पांच पारियों में 200 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

# MATS UNIVERSITY

MATS UNIVERSITY ready for life.......

NAAC ACCREDITED UNIVERSITY

## APPROVALS & RECOGNITIONS

UGC | AICTE | BCI | PCI
NCTE | AIU | CGPURC

Microsoft IT ACADEMIC PARTNER CG'S ONLY AUTHORISED MICROSOFT INNOVATION CENTRE | LAZARSKI | ORACLE | ima The Association of Accountants and Financial Professionals in Business | EAST CAROLINA UNIVERSITY TIE-UP WITH EAST CAROLINA UNIVERSITY, USA | CLAT COMMON LAW ADMISSION TEST | NATIONAL LAW SCHOOL OF INDIA UNIVERSITY Bangalore | UNIVERSITY OF APPLIED SCIENCES IN NYSA | nlu MUMBAI | Patna Law College Patna University,Patna | NPTEL | BOSCH

# “Unlock the next level of your Academic Adventure!”

## Ph.D. Entrance Exam Notification

It is hereby notified that the Ph.D. Entrance Exam for September 2024 shall be conducted on 5th September, 2024 for the programs as mentioned below:

### Ph.D. Programs

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Chemistry | Bio Science | English | Library Science | Engineering | Mathematics |
| Biotechnology | Computer Science | Hindi | Law | (Mechanical/ Computer | Physical Education |
| Microbiology | and Application | Psychology | Education | Science / Applied Geology / | Yoga |
| Biochemistry | Management | Social Work | Commerce | Civil) | |

For Registration and Information please visit
www.matsuniversity.ac.in
or call +91 93002 09515 / 0771-4078995

EXAMINATION CENTER
Raipur Campus, MATS Tower, Pandri, Raipur - 492 004

**Date of Examination : 05-09-2024**

**Time of Written Examination : 11:00 A.M. to 1:00 P.M.**
**Time of Interview : 2-00 P.M. to 5-00 P.M.**



## School of Engineering

**M.Tech.**
Computer Science Engineering
Turbo Machinery
Power Electronics
Computer Aided Structural Engineering

ONLINE CODE ME 168

**B.Tech. Hons.**
Computer Science Engg.(IOT, AI & ML)
Aeronautical Engg. (UAV)
Mechanical Engg. (ROBOTICS & ENERGY)
Mining Engg. (MINERAL PROCESSING)
Civil Engg. (CONS. MGMT. & GREEN TECH.)

**B.Tech.**
Computer Science Engineering
Aeronautical Engineering
Mechanical Engineering
Mining Engineering
Civil Engineering

ONLINE CODE BE 168

**Diploma**
Mechanical Engineering
Civil Engineering
Admission Help Line :
7389356989, 9109951182

ONLINE CODE DE 168

## School of Management

**M.B.A.**
Marketing /
HR/
Finance (Dual Spe.)
Admission Help Line :
9109913111

ONLINE CODE MBA 168

## School of Information Technology

**M.C.A.**
Admission Help Line :
9109913111

ONLINE CODE MCA 168

SCAN FOR VIRTUAL TOUR OF MATS UNIVERSITY

**TOP RECRUITERS**
HDFC BANK | IndusInd Bank | RANGE ROVER | Reliance RETAIL | Mercedes-Benz | JSW | TATA Tele Business Services | Pidilite | BMW | ICICI Bank | IndianOil

**ACCREDITATION & AFFILIATION**
UGC | AIU | CGPURC | AICTE | NCTE | BCI | NAAC | PCI

**FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999**

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Email :** admissions@matsuniversity.ac.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com